26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : गुरुवार, 12 फरवरी, 2026

अंक- 110 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# श्रम सुधारों और आर्थिक नीतियों के ख़िलाफ़ राष्ट्रव्यापी बंद ज्यादातर राज्यों में बेअसर

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। चार नई श्रम संहिताओं को वापस लेने की मांग को लेकर ट्रेड यूनियनों ने और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के विरोध में किसान संगठनों ने आज देशव्यापी बंद का ऐलान किया। हालांकि यह बंद देश के ज्यादातर राज्यों में बेअसर रहा। पंजाब और हरियाणा में इसका असर दिखाई दिया। यहां कई स्थानों पर यातायात भी जाम रहा। किसान संगठनों ने जगह-जगह प्रदर्शन किया। उत्तर प्रदेश में बंद का असर नहीं रहा।




पश्चिम बंगाल में भी बंद बेअसर रहा। कुछ राज्यों में ट्रेड यूनियनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सरकारी और निजी कार्यालय सामान्य तौर पर खुले रहे। 14 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने संयुक्त तौर पर बंद का आह्वान किया था। इन ट्रेड यूनियनों की मांग है कि चार नई श्रम संहिताओं को वापस लिया जाए और कामगारों व किसानों को प्रभावित करने वाली नीतियों को भी वापस लिया जाए। बैंक कर्मचारी और अध्यापक संगठनों ने भी ट्रेड यूनियन के इस बंद का समर्थन किया है। किसान संगठनों ने हाल ही में हुई भारत-अमेरिका डील को किसानों के विरोध में बताते हुए प्रदर्शन किया।

# भाजपा सांसद का नोटिस- राहुल गांधी की सदस्यता खत्म हो

## कहा- वे देश को गुमराह कर रहे

## रिजिजू ने स्पीकर चैंबर में हंगामे का वीडियो जारी किया

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। बजट पर चर्चा के दौरान आज लोकसभा में प्रश्नकाल हंगामे के कारण नहीं चल सका। 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा कर दिया। सांसद प्ले कार्ड और पोस्टर लेकर वेल में पहुंच गए। नारेबाजी भी होती रही। स्पीकर चेयर पर मौजूद केपी तेन्नेटी ने 7 मिनट के बाद ही सदन को स्थगित कर दिया। दोपहर 12 बजे लोकसभा की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। उधर, पीएम मोदी आज राज्यसभा में पहुंचे हैं।


संसद परिसर में हंगामा करते महिला सांसद।

इधर, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने राहुल गांधी के खिलाफ लोकसभा में सब्सटेंसिव मोशन पेश किया है। राहुल पर देश को गुमराह करने का आरोप लगाया है। दुबे ने राहुल की संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने लाइफटाइम बैन लगाने की मांग की है। सब्सटेंसिव मोशन वह प्रपोजल है, जिस पर सदन सीधे चर्चा करके फैसला ले सकता है। इस मोशन में स्पष्ट रूप से लिखा होता है कि सदन किसी मुद्दे पर क्या फैसला ले। इधर, कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में पहले दावा किया गया था कि सरकार राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव भी ला सकती है। हालांकि रिपोर्ट्स में यह दावा किया जा रहा है कि 11 फरवरी का उनका बयान हटाया जा सकता है। इससे पहले, संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने X पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें 4 फरवरी को लोकसभा स्पीकर के चैंबर में हंगामे का जिक्र है।

## नाराज सुप्रीम कोर्ट ने घूसखोर पंडित पर फिल्म निर्माता से पूछा- नाम बदलकर क्या रखोगे?

**नई दिल्ली( एजेंसी/चिंगारी )।** सुप्रीम कोर्ट ने आज फिल्म 'घूसखोर पंडित' के फिल्ममेकर नीरज पांडे को फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि ऐसे टाइटल का इस्तेमाल करके समाज के एक हिस्से को बदनाम नहीं कर सकते हैं। मनोज बाजपेयी स्टारर फिल्म 'घूसखोर पंडित' की रिलीज पर रोक लगाने वाली एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म के नाम पर कड़ी आपत्ति जाहिर की। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने वाली थी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और उज्जल भुयान की बेंच ने फिल्म 'घूसखोर पंडित' की एक याचिका पर सूचना और प्रसारण मंत्रालय, सेंट्रल बोर्ड फॉर फिल्म सर्टिफिकेशन को भी नोटिस जारी किया है।

## तुरन्त आवश्यकता

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर- 10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177




Address: Shree Dayaram Treaders Chandpur Road, Near Kohinoor Banquet Hall, Bijnor (U.P.)
Mob.: 7455025144 Email Id :- chandpur3678@bachpangbbal.com

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-

1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुंढना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



समय प्रात: 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक

रविवार अवकाश

पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

# मीरी पीरी खालसा अकादमी के स्थापना दिवस पर हुआ गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ



अफजलनगर। मीरी पीरी खालसा अकादमी में आयोजित तीन दिवसीय श्री गुरु ग्रंथ साहिब का अखंड पाठ श्रद्धा और शांति के माहौल में संपन्न हुआ। इसी अवसर पर विद्यालय का स्थापना दिवस भी उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, अभिभावक और नगर के लोग शामिल हुए। अखंड पाठ का समापन विद्यालय के संस्थापक बाबा अनूप सिंह वीर जी के मार्गदर्शन में हुआ। उनके संरक्षण में पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्वक और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुआ। पाठ के दौरान पूरा परिसर भक्ति भाव से सराबोर रहा। समापन अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रार्थना, कविता, कथा-वाचन, कविश्री और शब्द गायन प्रस्तुत किए। बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों की अनुशासित और संस्कारपूर्ण प्रस्तुतियों की खूब सराहना की गई। कार्यक्रम में विद्यालय समिति के सदस्य, अभिभावक, नगर के गणमान्य नागरिक तथा शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद रहे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। अंत में भोग के बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनप्रीत सिंह संधू ने कहा कि मीरी पीरी खालसा अकादमी केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि बच्चों को अच्छे संस्कार देने का स्थान है। विद्यालय का उद्देश्य विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सेवा भावना से जोड़ना है।

# बज्म-ए-कमर की काव्य गोष्ठी में शायरों ने समां बांधा



**धामपुर ( चिंगारी )। बज़्म-ए-क़मर धामपुर की मासिक काव्य गोष्ठी का आयोजन सोमवार को मोहल्ला महल सराय, धामपुर स्थित मोहम्मद तैयब सोनू साहब के निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क़ारी नौशाद आलम 'शाद' अलीग ने की, जबकि संचालन की ज़िम्मेदारी इरशाद धामपुरी ने निभाई। गोष्ठी का संरक्षण प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. कमाल अहमद ने किया।**

कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. तैयब ख़ान, डॉ. अज़हर तथा अशरफ़ शेरकोटी उपस्थित रहे। गोष्ठी का शुभारंभ मुफ़्ती दानिश साहब द्वारा बारगाह-ए-रिसालत में प्रस्तुत नात से हुआ। इसके उपरांत शायरों ने निर्धारित क़ाफ़िया शाम पर अपना उत्कृष्ट काव्य पाठ किया। गोष्ठी में वरिष्ठ कवि शफ़क़त भारती शेरकोटी ने अपनी इस्लाही शायरी से नवोदित शायरों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में बज़्म के संरक्षक डॉ. कमाल अहमद ने उर्दू भाषा के प्रचार-प्रसार पर सारगर्भित विचार व्यक्त करते हुए उर्दू अख़बारों और पत्रिकाओं को पढ़ने की अपील की। क़ारी राशिद हमीदी ने उर्दू साहित्य के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए कहा कि धामपुर ने हर दौर में उर्दू के सच्चे परस्तार देशभर को दिए हैं। गोष्ठी में बज़्म-ए-क़मर के सदस्यों के साथ बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे, जिनमें अब्दुल्लाह ग़ालिब, डॉ. मोहम्मद क़ासिम, मास्टर अनीस अहमद, मास्टर इक़बाल अहमद, शफ़ीक़ अहमद मुन्ना, मोहम्मद ज़ाहिद, मुफ़्ती दानिश क़ासमी, रियाज़ अकबर, मोहम्मद हमदान, मोहम्मद उस्मान, मुफ़्ती मोहम्मद ख़ालिद क़ासमी, नवेद ज़हीर, अरशद कमाल, अनीस अंसारी, मुजीब जाफ़र, वजह-उल-क़मर, मास्टर आफ़ताब अली, इस्फ़ंदयार आज़म, शाज़ उमर, रईस अहमद आदि प्रमुख रहे।

# सिरधनी रोड से भी बड़ी संख्या में गुजर रहे हैं कांवरती

## सड़क पर गड्ढे होने से कांवरतियों को हो रही परेशानी



**बिजनौर ( चिंगारी )। यहां चांदपुर की चुंगी स्थित सिरधनी रोड से भी बड़ी संख्या में शिवभक्त गुजर रहे हैं। हालांकि सिरधनी रोड पर जहां तक नगर पालिका का क्षेत्र है, वहां तक पालिका की ओर से सड़क की हर दिन सफाई की जा रही है और चूना डलवाया जा रहा है, लेकिन इस रोड पर थोड़ा आगे चलकर टाल के सामने ईंट रोढ़े का काम करने वालों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है, जिससे कांवरतियों को परेशानी हो रही है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं। राजू नामक कांवरती ने बताया कि सड़क पर गड्ढे होने से कांवरतियों को परेशानी हो रही है।**

## हाजी नसीम अंसारी कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष बने

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। कांग्रेस कमेटी की जिलाध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने मंडावली क्षेत्र के ग्राम औरंगपुर बसंता उर्फ कांटपुर निवासी हाजी नसीम अंसारी को कांग्रेस पार्टी के लिए निष्ठा, लगन व मेहनत को देखते हुए उन्हें कांग्रेस कमेटी बिजनौर का जिला उपाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया है। हाजी नसीम अंसारी को कांग्रेस कमेटी का जिला उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर उनके शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## समीपुर फाटक मरम्मत के चलते चार दिन बंद रहेगा

नजीबाबाद (चिंगारी)। उत्तर रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर रेलपथ नजीबाबाद मौहम्मद अनीस ने बताया कि नजीबाबाद स्नेह मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक संख्या 08/बी (समीपुर फाटक) रेलपथ की मरम्मत के चलते आज 12 फरवरी से सुबह 8 बजे से 14 फरवरी 2026 को रात 8 बजे तक रेलवे ट्रैक की मरम्मत के चलते बंद रहेगा। इस फाटक से गुजरने वाला सभी यातायात रेलवे फाटक संख्या 05/बी (गढ़ी महावतपुर) से वैकल्पिक मार्ग से उपलब्ध होगा।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER
इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
आज ही अपना स्कूटर RIZTA घर ले जायें।
फाइनेंस सुविधा उपलब्ध
*कम से कम बिना डाउन पेमेंट पर
*बिना कागजात
*मात्र 15 मिनट में फाइनेंस उपलब्ध है।
*कम कागजी कार्रवाई
आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट
अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक
एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
Experiance Minimum 1 Years
( समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक )
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

कांवरती आ रहे बहुत सारे, गूंज रहे भोले के जयकारे ( पेज 7 )



# अमेरिका-भारत डील के विरोध में भाकियू ने किया प्रदर्शन



**बिजनौर ( चिंगारी )।** अमेरिका-भारत व्यापार समझौते के विरोध में आज देश भर में किसान संगठनों व ट्रेड यूनियनों ने धरना-प्रदर्शन किया। बिजनौर में भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा प्रदर्शन किया गया।

भाकियू कार्यकर्ता गन्ना समिति कार्यालय पर जमा हुए और वहां से प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान, मनप्रीत सिंह, चन्द्रपाल सिंह, नितिन राणा, राजीव चौहान, अरुण कुमार, डा. पवन सिंह, कविराज, बाबूराम तोमर, मुनेन्द्र

## डील को भारत के किसानों के विरुद्ध बताया

काकरान, कुलदीप सिंह, ऋषिपाल सिंह, महेन्द्र सिंह, कल्याण सिंह, नरदेव सिंह, गौरव जंघाला, जितेन्द्र सिंह, हरिराज सिंह, प्रथम चौधरी, विनीत चौधरी, संदीप त्यागी आदि शामिल रहे।

इस अवसर पर दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि अमेरिका-भारत व्यापार समझौता सरासर किसान विरोधी है। इससे भारतीय कृषि व्यवस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिये गंभीर खतरा है। अमेरिका की कृषि व्यवस्था भारी सब्सिडी, उच्च मशीनीकरण और कारपोरेट फार्म मॉडल पर आधारित है। यदि सोयाबीन, मक्का, दलहन और डेयरी उत्पादों पर आयात शुल्क कम किया गया तो सस्ती विदेशी उपज भारतीय बाजार में प्रवेश करेगी, जिससे भारतीय किसान सीधे तौर पर प्रभावित होंगे। साथ ही बीजों पर कारपोरेट नियंत्रण का खतरा बढ़ जायेगा।

ज्ञापन में अमेरिका-भारत व्यापार समझौता तत्काल प्रभाव से रदद करने तथा किसी भी अंतर्राष्ट्रीय समझौते से पूर्व देश के किसानों से व्यापक परामर्श सुनिश्चित किया जाये। भाकियू जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने बताया कि 21 फरवरी को नूरपुर में प्रस्तावित महापंचायत में भी अमेरिका-भारत डील का मुद्दा जोरशोर से उठाया जायेगा। इस महापंचायत को भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत मुख्य रूप से संबोधित करेंगे।

## रामपुर में अधिवक्ता की हत्या पर रोष व्यक्त किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर ने रामपुर में अधिवक्ता फारुक अहमद खान की दिनदहाड़े हत्या पर गहरा दुख व आक्रोश व्यक्त किया है। अधिवक्ताओं ने शोक स्वरूप आज न्यायिक कार्य नहीं किया। जिलाधिकारी के नाम उपजिलाधिकारी चांदपुर को ज्ञापन देकर अधिवक्ताओं की सुरक्षा हेतु अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू किये जाने की प्रदेश सरकार से मांग की गई। सिविल बार एसोसिएशन चांदपुर के अध्यक्ष शमशाद अहमद की अध्यक्षता में शोक सभा हुई, जिसमें दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को यह दारुण दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की गई। ज्ञापन देने वालों में सुनील शर्मा, रियाज आलम, छत्रपाल सिंह, तुलाराम, नौशाद अली, हाजी सिराजुद्दीन, मनोज कुमार, आनन्द सिंह, बलदेव सिंह, विशाल सिंह, विशाल कुमार, पुनीत कुमार शर्मा आदि अधिवक्ता शामिल थे।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## गुलदार ने किया कांवरती पर हमला करने का प्रयास, मचा हड़कम्प

**चांदपुर ( चिंगारी )।** बीती रात चांदपुर-धनौरा रोड पर गुलदार ने उधर से गुजर रहे एक कांवरती पर हमला करने का प्रयास किया। साथ चल रहे कांवरतियों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार वहां से भाग गया। सूचना देने के एक घन्टे देर से पहुंचे वनकर्मियों को ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ा। इस समय शिवभक्त कांवरती चांदपुर से होकर अपने गंतव्य की ओर जा रहे हैं। बीती रात अनूप शहर व अन्य स्थानों को जाने वाले कांवरती चांदपुर-धनौरा रोड पर जा रहे थे। बताया जाता है कि मिर्जापुर बेला व बागड़पुर के बीच एक गुलदार अपने शावक के साथ सड़क पार कर रहा था, तभी गुलदार ने अनूप शहर निवासी कांवरती कृष्ण कुमार पर हमला करने का प्रयास किया। लेकिन साथ चल रहे कांवरतियों द्वारा शोर मचाने पर गुलदार वहां से भाग गया। बाद में बागड़पुर में चल रहे कांवरती शिविर में चौ. वीर सिंह को इसकी जानकारी मिली तो वे ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार भी मौके पर पहुंच गये, जबकि वनकर्मी सूचना दिये जाने के एक घन्टे बाद मौके पर पहुंचे। कांवरतियों की सुरक्षा के लिए ग्रामीण देर रात तक सड़क पर गश्त करते रहे। शिवसेना के जिला प्रमुख चौ. वीर सिंह ने बताया कि एक सप्ताह पूर्व भी गुलदार ग्राम बागड़पुर में बैंक के पास घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया थाा। गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाये जाने की मांग ग्रामीणों द्वारा लगातार की जा रही है, लेकिन वन रेंजर के कानों पर जूं नहीं रेंग रही है। लोगों का आरोप है कि वन रेंजर फोन तक रिसीव नहीं करते हैं।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट





फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एगजीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

**भली लगे या बुरी ...**

## राज्यों में होने वाले चुनाव

भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग ने कई विधानसभा चुनावों में अपनी जीत दर्ज की है, वहीं कांग्रेस नीत 'इंडिया' गठबंधन में बिखराव है। लेकिन इसके बावजूद भाजपा के समक्ष चुनौतियां बनी हुई हैं जो परिस्थितियां बदलने के साथ और गंभीर भी हो सकती हैं। इस वर्ष पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु, पुंडुचेरी व असम में विधानसभा चुनाव होने हैं, जबकि अगले वर्ष उत्तर प्रदेश समेत कई विधानसभाओं के चुनाव होंगे। पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होने के आसार हैं। केरल में कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-यूपीए व माकपा नीत वाम लोकतांत्रिक मोर्चा-एलडीएफ के बीच सीधा मुकाबला है और यहां माकपा सरकार के दो कार्यकाल के बाद यूडीएफ की अच्छी संभावनायें हैं। कहा जाता है कि केरल प्रदेश कांग्रेस ने पार्टी आलाकमान को बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने के लिए तैयार किया है क्योंकि माकपा के साथ गठबंधन से मतदाताओं में गलत संदेश जाता और भाजपा को विरोधी प्रचार का मौका मिल जाता। अतीत में कांग्रेस और वामपंथी दलों ने पश्चिम बंगाल में गठबंधन किया था, पर उसके नतीजे अच्छे नहीं निकले। पिछले विधानसभा चुनावों में विपक्ष और कांग्रेस की पराजय के बाद 'इंडिया' गठबंधन में नेतृत्व पर भी सवाल उठ रहे हैं, ऐसे में कांग्रेस के बंगाल में अकेले चुनाव लड़ने से इन सवालों को टालने का भी मौका मिल जाता है। लेकिन तमिलनाडु में स्थिति एकदम उलट है जहां मुख्यमंत्री स्टालिन के नेतृत्व में कांग्रेस व वामपंथी दलों का मोर्चा न केवल पूरी तरह मजबूत है, बल्कि इसके पुनः सत्ता में लौटने की प्रबल संभावनायें हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री स्टालिन ने राजधानी चेन्नेइ में कार्ल मार्क्स की मूर्ति का अनावरण कर महत्वपूर्ण प्रतीकात्मक और वैचारिक संदेश दिया है। यह संदेश भारत-अमेरिका समझौते तथा कई प्रदेशों में नक्सलवादियों के सफाए को देखते हुए और महत्वपूर्ण हो जाता है। उल्लेखनीय है कि द्रमुक संस्थापक करुणानिधि के बेटे व वर्तमान मुख्यमंत्री स्टालिन ने अनेक उतार-चढ़ावों व समस्याओं के बावजूद द्रविण विचारधारा को मजबूत कर आगे बढ़ाया है। रामास्वामी नायकर व एमजी रामचंद्रन जैसे द्रविण विचारकों ने इस विचारधारा को 'उत्तर भारतीय' समझी जाने वाली भाजपा तथा 'हिंदुत्ववाद' के मुकाबले मजबूती से खड़ा किया था और अनेक प्रयासों के बावजूद भाजपा-आरएसएस उनके गढ़ में सेंध लगाने में विफल रही है।

# जनता के सवाल अटके, संसद में सांसद भटके

## अविश्वास तक पहुंचा संसद का टकराव



▶▶ शमशाद रशीद महीगीर

देश की लोकसभा इन दिनों एक अखाड़े में तब्दील हो गई है। सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष के बीच चल रही अना की लड़ाई में संसद को बाधित कर रखा है और वहां पर कोई भी कामकाज नहीं हो रहा। जिन सांसदों, जिन पार्टियों ने जनता का काम करने की कसमें खाई थीं और तरह-तरह के प्रलोभन दिए थे, आज जनता की बात करने के लिए सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच जिस तरह का मुकाबला सदन में चल रहा है, उससे सदन में कोई काम नहीं हो रहा है और सांसदों व पार्टियों द्वारा चुनाव में जनता से किये गये वादे बेमानी लग रहे हैं। पूरा देश देख रहा है कि किस तरह जनता के गाढ़े पसीने की कमाई को संसद में शोर-शराबे और हंगामे में बर्बाद किया जा रहा है। इस उम्मीद के साथ लोग 11 बजे टेलीविजन खोलते हैं कि शायद लोकसभा में कोई अच्छी बहस सुनने को मिलेगी, बेहतर कामकाज होगा, जनता के मुद्दे उठाये जायेंगे, लेकिन अफसोस की बात है कि इन दिनों लोकसभा एक अलग ही जंग का मैदान बन गया है। लोकसभा का नजारा देखकर हर कोई हैरान है, स्तब्ध है, परेशान है। जनता यह सवाल पूछना चाहती है सरकार से भी और विपक्ष से भी, और लोकसभा स्पीकर से भी कि जनता यानी देश के मसलों पर बहस कब होगी। जनता के मुद्दों पर डिस्कशन की बजाय इन दिनों सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच एक अजीब सी होड़ मची हुई है कि कौन किस पर कितना हावी होता है, कौन किसकी ज्यादा बेइज्जती करता है, कौन किसको न बोलने देता है। अब तो आम आदमी भी गांव में, गली में चर्चा करने लगे हैं कि सदन में यह क्या हो रहा है, हमारे सांसद जिन्हें हमने बड़ी उम्मीदों के साथ चुना था, वे हमारे मुद्दों पर बहस करने के बजाए, संसद में मूंछों की लड़ाई लड़ रहे हैं। जनता के टैक्स के पैसे से संसद चलती है, जहां देश के विकास और उन्नति के लिये नीतियां बनायी जाती हैं, वहां अब केवल शोर-शराबा और हंगामा होता है। एक दूसरे को नीचा दिखाने की गरज से संसद का समय और जनता का पैसा बर्बाद किया जा रहा है। दोनों बड़ी पार्टियां अपनी-अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रही हैं। ऐसे में छोटे दलों के सांसद भी परेशान हैं क्योंकि वह अपनी बात सदन में रख नहीं पा रहे। वह अपने मुद्दों को नहीं उठा पा रहे हैं और उनकी बात सुनी नहीं जा रही है। संसद का शीतकालीन सत्र यूं ही निकला जा रहा है। ऐसे में सवाल यह है कि हम सार्थक चर्चा की तरफ कब बढ़ेंगे?

सदन को चलाने की सबसे बड़ी जिम्मेदारी सत्तापक्ष की होती है। उसे विपक्ष को बोलने का मौका देना चाहिए। और विपक्ष का भी कर्तव्य बनता है कि वह सदन में ऐसा वातावरण बनाने में सहयोग दे जिससे संसद का काम सुचारू रूप से चल सके।

क्या हमारे देश का संसद आपसी कलह, द्वेष और कैंटीन में बैठकर नाश्ता और भोजन करने के लिए है? संसद में सार्थक, जनोपयोगी चर्चा होनी चाहिए। मैं वह बात कह रहा हूं जो आम आदमी चाय की दुकानों पर बैठकर कह रहा है। हमारे माननीयो को या तो यह इल्म नहीं है कि देश का आम आदमी उनके बारे में क्या सोच रहा है, या फिर उन्हें यह मुगालता है कि वह संसद में बैठकर चाहे ये करें, चाहे वो करें, उनकी मर्जी। संचार माध्यमों से दूरदराज के व्यक्ति को भी पल-पल की जानकारी मिली रही है। आम आदमी खुद को ठगा-सा महसूस कर रहा है। संसद के भीतर जो कुछ हो रहा है, उससे जनता में घोर निराशा व आक्रोश है। कांग्रेस सोच रही है कि बीजेपी बेनकाब हो रही है और बीजेपी यह सोच रही है कि राहुल गांधी एक्सपोज हो रहे हैं। राहुल गांधी का आरोप है कि उन्हें बोलने नहीं दिया जा रहा तो दूसरी तरफ बीजेपी का कहना है कि राहुल गांधी संसद की गरिमा, परम्परा और नियमों के विपरीत आचरण कर रहे हैं। हालत यह हो गई है कि एक तरफ विपक्ष ने लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाने का फैसला किया है तो दूसरी तरफ सरकार विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध एक मंत्री पर बेबुनियाद आरोप लगाने के मामले में अविश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय ले चुकी है। कुल मिलाकर देश की सर्वोच्च पंचायत के भीतर और संसद के बाहर जो कुछ इन दिनों राजनीति में हो रहा है, वो बहुत अफसोसनाक है।



## मैदा से दूरी, क्यों जरूरी?

मैदा से बनी चीजें पचने में लंबा समय लेती हैं। मैदा आंतों पर चिपका रह जाता है, जिस कारण आंतों में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया ढंग से अपना काम नहीं कर पाते और बुरे बैक्टीरिया को बल मिलता है। मैदा का इस्तेमाल खाने की कई चीजों में होता है। खासकर, स्वाद बढ़ाने के लिए जंक फूड, विस्कुट, बेकरी उत्पाद, नूडल्स और अन्य डिब्बाबंद खाने की चीजें मैदा से बनाई जाती हैं। आहार व पौषण विशेषज्ञ पूनम दुनेजा के अनुसार, मैदा बनने की प्रक्रिया में गेहूं में मौजूद फाइबर व अन्य पोषक तत्व नष्ट हो जाते हैं। बारीक और मुलायम होने के कारण मैदा आंतों में लंबे समय तक चिपका रहता है, जो सड़न पैदा करता है। इस कारण आंतों में मौजूद अच्छे मौजूद बैक्टीरिया ढंग से अपना काम नहीं कर पाते और शरीर को खाने की चीजों से पर्याप्त पोषक तत्व नहीं मिलते। मैदा का ग्लाइसेमिक इंडिक्स अधिक होता है। मैदा से बनी चीजों का अधिक सेवन ब्लड शुगर बढ़ा सकता है। मधुमेह रोगी खासतौर पर बचें। मैदा शरीर की मेटाबॉलिक दर को प्रभावित करता है, इस कारण शरीर की वसा खपत करने की क्षमता कम हो जाती है और वजन बढ़ सकता है। अच्छे पाचन के लिए फाइबर जरूरी है। मैदा में कार्ब ज्यादा होता है और फाइबर कम। मैदा आंतों से चिपक जाता है, इस कारण आंतों में भारीपन और सूजन का खतरा बढ़ सकता है।

## बड़े काम का नम्बर 1930

आपके पास ऐसा संदेश आ सकता है कि बिजली का बिल न भरे जाने की वजह से कनेक्शन कटने जा रहा है, इस नंबर पर बात करें। आप बात करते हैं, तो उधर से कहा जाता है, चिंता मत कीजिए, एक लिंक भेज रहा हूं, उस पर पेमेंट ट्रांसफर कर दीजिए, कनेक्शन बच जाएगा। आप हड़बड़ी में वही करते हैं और बैंक से पैसा निकल जाता है। कभी फोन आता है कि आपने एक पार्सल बुक करवाया था, उसमें आपत्तिजनक सामान निकला है, हम उसे कस्टम को दें, उससे अच्छा है कि आप एक एफिडेविट हमें भेजें और लिंक पर क्लिक करते ही पैसे चले जाते हैं। लॉटरी, फेसबुक मित्र द्वारा पैसों की जरूरत के संदेश, बीमा बोनस, जाली अफसर की वीडियो कॉल से डिजिटल अरेस्ट जैसे कई साइबर फ्रॉड सामान्य हो गए हैं। आप बिना किसी घर के व्यक्ति को विश्वास में लिए ऐसी बातों को बिल्कुल न निपटाएं। बैंक के नाम से कोई संदिग्ध संदेश मिले, तो अधिकृत नंबर पर खुद संपर्क करें या बैंक की शाखा में जाएं। बिना घबराए स्थानीय साइबर थाने में रिपोर्ट का विकल्प हमेशा खुला है। किसी भी स्थिति में यदि धोखाधड़ी हो जाए, तो कॉल करने के लिए एक हेल्प लाइन नंबर है-1930

# सनातन को कोई नहीं मिटा सकता




## विराट हिन्दू सम्मेलन में एकता पर जोर

**स्योहारा ( चिंगारी )।** भगत सिंह व महावीर बस्ती की ओर से फब्बारा चौक स्थित शुभ मंगलम विवाह मंडप में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू एकता, सनातन धर्म और धर्म रक्षा को समाज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। सम्मेलन में जिला बौद्धिक शिक्षण प्रमुख हेमेंद्र कुमार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विचारधारा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संघ समाज को संगठित कर राष्ट्र निर्माण का कार्य करता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने देश के लिए बलिदान दिया है। सहप्रान्त संयोजिका महिला समन्वय डा. मीनू मल्होत्रा ने हिंदू एकजुटता पर जोर देते हुए कहा कि सनातन धर्म को कोई मिटा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि सनातन हमारी संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की पहचान है, जिसे हर पीढ़ी तक पहुंचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। डा. आदित्य अग्रवाल ने कहा कि धर्म हमें अनुशासन, सेवा और सहिष्णुता सिखाता है। सनातन धर्म वैज्ञानिक सोच और मानवीय मूल्यों का संगम है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। धर्म रक्षा से ही राष्ट्र की रक्षा संभव है। इस अवसर पर नवधीश रस्तोगी, सोवीर सिंह, पीयूष रस्तोगी, वैभव रस्तोगी, संजीव गर्ग, लव कुमार रस्तोगी, अनिल कुशवाहा, शोभीत गुप्ता, नमन रस्तोगी, मुकेश रस्तौगी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। सम्मेलन की अध्यक्षता शीशराम सिंह ने की तथा संचालन अनंता वासुदेव ने किया।

# एनएसएस की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली




पर्यावरण संरक्षण हेतु गांव इनामपुरा में जनजागरूकता रैली निकलतीं स्वयं सेविकाएं

**हल्दौर ( चिंगारी )** राजा हरवंश सिंह इंटर कॉलेज हल्दौर की एनएसएस प्रथम इकाई की विशेष शिविर का छठा दिन वृक्षारोपण तथा पर्यावरण संरक्षण दिवस के रूप में मनाया गया है। कार्यक्रम के आरंभ में स्वयं सेविकाओं द्वारा लक्ष्य गीत गाया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयं सेविकाओं द्वारा प्राथमिक विद्यालय इनामपुरा में वृक्षारोपण किया गया, साथ ही ग्राम इनामपुरा में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक जनजागरूकता रैली निकाली गई, जिसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के प्रति जागरूक करना था। शिक्षक ईश्वर शरण ने स्वयंसेविकाओं को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार है और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में इनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति राय ने वृक्षारोपण के महत्तव पर प्रकाश डालते हुए बताया कि आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए अमूल्य धरोहर है। इस अवसर पर विकास कुमार, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज्योति राय, अवनीश कुमार, सुधीर कुमार, ज्योति रानी आदि उपस्थित रहे।

# मटर के छिलकों पर स्कूटी फिसलने से टीचर घायल

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** सड़क पर पड़े मटर के छिलकों पर स्कूटी फिसलने से एक अध्यापिका घायल हो गई, जिन्हें बचाने के प्रयास में एक टैंकर ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। काशीपुर (उत्तराखंड) निवासी मनजीत कौर जो अफजलगढ़ के सेंट मैरी स्कूल में अध्यापिका हैं, स्कूटी से स्कूल आ रही थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग पर ग्राम दहलावाला के समीप सड़क पर फैले मटर के छिलकों पर स्कूटी का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ीं। बताया गया है कि कांवड़ यात्रा के चलते हाईवे की एक साइड सुरक्षित घोषित होने के कारण यातायात दूसरी साइड से संचालित हो रहा था। इसी दौरान सामने से आ रहे टैंकर चालक ने सड़क पर गिरी अध्यापिका को बचाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर आगे चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गया। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों की मदद से घायल अध्यापिका को उपचार के लिए भेजा दिया गया है।

# रामा एफ एम 90.0 ने किया कला प्रतियोगिता का आयोजन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** रामा एफ एम 90.0 द्वारा रामा इंस्टिट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन किरतपुर में मेरा गांव मेरी धरोहर विषय पर आधारित एक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कला प्रतियोगिता ग्रामीण संस्कृति की रचनात्मकता और विरासत का एक जीवांत उत्सव रही।



इस कार्यक्रम में शिक्षकों द्वारा लाइव जर्जिंग, इंटरैक्टिव प्रश्न राउंड, अभिव्यंजक पेंटिंग और यादगार समूह क्षण शामिल थे। पारंपरिक तत्वों, फूलों और ग्रामीण सौंदर्यशास्त्र को प्रदर्शित करने वाली खूबसूरती से तैयार की गई गांव-थीम वाली पृष्ठभूमि को मिस्टर उमर खान द्वारा सोच-समझकर प्रतिबिम्बित किया। रामा एफ एम 90.0 की कोर्डिनेटर श्रीमती नीलम वर्मा के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता का आयोजन सफसलतापूर्वक हुआ। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में प्राचार्य. डॉ. डबलेश कुमार, डॉ. सीडी शर्मा रहे, उन्होंने विजेताओं को ट्रॉफियां प्रदान कीं। प्रथम पुरस्कार अर्फिया, दूसरा पुरस्कार आयशा, तीसरा पुरस्कार सना को प्रदान किया गया । कला के माध्यम से मेरा गांव मेरी धरोहर है की भावना को खूबसूरती से चित्रित करने के लिए रामा एजुकेशनल ट्रस्ट के ट्रस्टी अरुण गोयल ने सभी विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में श्रीमती रचना चौधरी एवं कु. रूचि शर्मा का योगदान रहा। यह जानकारी रामा एफएम के मीडिया प्रभारी डॉ. रवीश कुमार ने दी।

# बच्चों को खिलाई, कीड़ों की दवाई

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय आदर्श शिक्षा पब्लिक जू.हाई स्कूल में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के अवसर पर विद्यालय के सभी बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवाई खिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्या श्रीमती गार्गी ठाकुर ने सभी बच्चों को उनके स्वास्थ्य पोषण की स्थिति में सुधार एवं उनके कृमि संक्रमण को रोकने के लिए ऐल्बेंडाजोल की दवाई दिखाई और पेट के कीड़ों से मुक्ति, स्वस्थ जीवन की शक्ति का संदेश दिया।

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र संदीप कुमार जो मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अभद्र व्यवहार करता है तथा हमारे कहने सुनने में नहीं है। इसलिये मैं और मेरे परिवार वाले मेरे पुत्र से अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में यह किसी भी प्रकार का कोई भी लेन-देन व कोई भी कृत्य करता है तो वह उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। - **अशोक कुमार पुत्र राजाराम, निवासी ग्राम गधैली, थाना कोतवाली देहात, जिला बिजनौर।**

# डा. छत्रपाल की पत्नी का निधन

**किरतपुर ( चिंगारी )। नगर के प्रसिद्ध कल्याणी अस्पताल के मालिक व वरिष्ठ चिकित्सक डॉक्टर छत्रपाल सिंह की धर्मपत्नी व डॉक्टर दीपक निरवाल और डॉक्टर शिवप्रताप की माता पुष्पा देवी ( 75 वर्ष ) की कल शाम दिल्ली के एक अस्पताल में मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु का समाचार मिलते ही नगर के चिकित्सकों व नगर की जनता में शोक की लहर दौड़ गई। आज उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव गडीवान में किया गया। उनके निधन पर डॉक्टर एनएच मिर्जा, डॉक्टर एहसानुल करीम, डॉक्टर फैजान खान, डॉक्टर हेमेंद्र राजपूत, डॉक्टर प्रतीक चौधरी, पत्रकार पीके चौहान, मुकेश गोयल, आदेश चौधरी, रितु शर्मा, अमित अग्रवाल, अशोक गुप्ता, भाजपा के गौरव पाराशर, सोनू वर्मा, रजनी कलरा, बिना राणा, रामबहादुर गहलौत, देवेंद्र चौधरी, प्रियांशु गोयल आदि ने गहरा दुख व्यक्त किया।**


फाइल फोटो

# के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी में भव्य विदाई समारोह का आयोजन



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** के.एस. चिल्ड्रन्स एकेडमी द्वारा कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के सम्मान में हबीब गार्डन में एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सभी विद्यार्थियों के तिलक से हुई, जिसके बाद प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने कक्षा 12वीं की छात्राओं स्वालिहा एवं नितिका त्यागी के साथ दीप प्रज्वलन किया। समारोह में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुतियां दी गईं तथा म्यूज़िकल चेयर, लेमन रेस, स्लिप राउंड एवं रैम्प वॉक जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। रैम्प वॉक के दौरान पूछे गए प्रश्नों के आधार पर विभिन्न उपाधियों के लिए विद्यार्थियों का चयन कार्यक्रम जज अध्यापिका तूबा सिद्दीकी व कशिश वर्मा द्वारा किया गया, जिसमें मिस फ़ेयरवैल स्वालेहा सिद्दीकी,मिस्टर फ़ेयरवैल अभिनव, मिस के.एस. प्रियंशी चौधरी, मिस्टर के.एस. सत्यम चौधरी, मिस ब्यूटी नितिका त्यागी, मिस्टर हैंडसम हिमांशु सिंह, मिस एटीट्यूड लुबना तथा मिस्टर एटीट्यूड अब्दुल आहद रहे। इस अवसर पर प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने सभी चयनित विद्यार्थियों को सैशे व क्राउन पहनाकर सम्मानित किया और उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद का जन्मदिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया

**धामपुर (चिंगारी)।** आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती का 202 वां जन्मदिवस आज स्टेशन मार्ग स्थित दयानंद वैदिक पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बनाया गया। सर्वप्रथम पुरोहित मुकुल आर्य द्वारा वैदिक विधि विधान से कराये गये यज्ञ के मुख्य यजमान सूर्यकांत आर्य सपत्नीक मौजूद रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रांगण में ओम अंकित ध्वजारोहण किया गया, जिसमें पत्रकारिता मंच के अध्यक्ष मनोज कात्यायन, आर्य समाज के सुबोध चौधरी, आर्य समाज धामपुर के प्रधान देवानंद आर्य, मंत्री मनोज अग्रवाल एडवोकेट, कोषाध्यक्ष जगदीश प्रताप सिंह, वेद प्रचार भजन संध्या समिति के संरक्षक डॉक्टर आरके आर्य,अध्यक्ष क्षेत्रपाल सिंह शास्त्री, महामंत्री डीपी सिंह आर्य, भजन उपदेशक विक्रम देव आर्य, विद्यालय की प्रधानाचार्य बीना शर्मा, प्रबंधक हर्ष शर्मा, भारत



भूषण आर्य, गोपाल बिष्ट, समर्थ वेदांती सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। स्कूल के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। इस अवसर पर आर्य समाज धामपुर के प्रधान देवानंद आर्य ने कहा कि देश की आजादी में आर्य समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आर्य समाज के संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती ने वेदों का प्रचार प्रसार और उसका पालन सुनिश्चित करने के लिए आर्य समाज की स्थापना की। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वामी श्रद्धानंद जी ने शुद्धिकरण आंदोलन चलाया। उन्होंने कहा कि शिक्षा, विधवा विवाह, समाज सेवा के क्षेत्र में आर्य समाज के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। महिलाओं की शिक्षा पर बल देने का कार्य भी आर्य समाज द्वारा ही किया गया है।

## 12वीं की छात्राओं को दी विदाई

**धामपुर (चिंगारी)।** स्थानीय राधा इंटर कॉलेज अल्हैपुर (धामपुर) में 12वीं कक्षा की गर्ल्स छात्राओं की वेलफेयर पार्टी आयोजित की गई, जिसमें कक्षा 11 की छात्राओं ने कल्चर प्रोग्राम में समा बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ

### ईशा बनी मिस फेयरवेल



विद्यालय के प्रबंधक रवि कुमार व श्रीमती अनु राजपूत द्वारा मां सरस्वती के चित्र का अनावरण कर व दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वंदना से किया गया। कार्यक्रम में मिस वेलफेयर ईशा रानी चुनी गई, जिन्हें विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं वरिष्ठ अध्यापकों द्वारा ताज पहनाया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने 18 फरवरी से होने वाली बोर्ड की परीक्षाओं के संबंध में बच्चों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में अंशिका, चारुपाल, लक्षिता, सुहानी, छवि, वर्तिका, मोनिका, पलक आदि द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम में स्कूल के समस्त स्टाफ का योगदान रहा।

## 'संतों की संगति मनुष्य को देती है जीवन की दिशा'

### शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

**धामपुर (चिंगारी)।** मौहल्ला साहूवान स्थित श्रीराम मंदिर आश्रम में चल रही सात दिवसीय संगीतमयी शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन श्रद्धालुओं ने भक्ति और ज्ञान की अविरल धारा का अनुभव किया। कथावाचक महंत राधेश्याम व्यास ने नारद मुनि के जीवन प्रसंग को सरल और भावपूर्ण शैली में प्रस्तुत करते हुए बताया कि संतों की संगति मनुष्य के जीवन को दिशा देती है। बाल्यकाल से ही नारद जी को ऋषियों का सान्निध्य मिला, जिससे उनके भीतर भक्ति और तप की भावना जागृत हुई। कठोर साधना के बल पर उन्होंने दिव्य ज्ञान प्राप्त किया और लोककल्याण के संदेशवाहक बने। प्रवचन के दौरान शिवलिंग की उत्पत्ति का प्रसंग भी सुनाया गया। महंत राधेश्याम व्यास ने कहा कि जब ब्रह्मा ने असत्य का सहारा लिया, तब भगवान शिव ने धर्म की रक्षा के लिए भैरव को प्रकट किया। इसके पश्चात शिव अनंत ज्योति स्तंभ के रूप में प्रकट हुए, जो आगे चलकर शिवलिंग स्वरूप में पूजित हुआ। यह प्रसंग सत्य और शिवतत्व की सर्वोच्चता का प्रतीक है। कथा के मुख्य यजमान सौरव वशिष्ठ और प्रियंका वशिष्ठ रहे। आयोजन में सुमित अवस्थी, राजेंद्र प्रसाद अग्निहोत्री, पंडित रमेश शंकर तिवारी, राकेश मिश्रा, जगन्नाथ, शिव ओम अग्रवाल, महावीर सिंह, कलावती, पंडित वैभव मिश्रा, पंडित ब्रजबिहारी रघुबंशी, दीपक शुक्ला सहित अनेक श्रद्धालुओं ने सहभागिता की।



मंहत राधेश्याम व्यास जी महाराज

## शादी समारोह में गया था, अभी तक नहीं लौटा

**धामपुर (चिंगारी)।** अरशद पुत्र असगर 45 वर्ष निवासी पुराना धामपुर नई बस्ती हुसैनपुर बीती रात स्योहारा मार्ग स्थित एक मंडप में शादी समारोह में शामिल होने के लिए गया था। जब देर रात वह घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और उसको अनेक रिश्तेदारियों में भी तलाश किया गया। लेकिन अरशद का कुछ पता नहीं चल सका। बताया जाता है कि अरशद गाड़ियों का मैकेनिक है और रोडवेज के पास दुकान पर काम करता है। परिजनों द्वारा थाना कोतवाली में उसकी गुमशुदगी दर्ज करा दी गई है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## शिवभक्तों को बांटे खाद्य सामग्री के पैकेट

**धामपुर (चिंगारी)।** हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति द्वारा फलो, लड्डू, बिस्कुट, मूंगफली, रेवड़ी आदि के पैकेट बनाकर कांवरतियों को प्रसाद के रूप में वितरित किये गए और पुष्पवर्षा करके डॉ. प्रिंस गुप्ता के क्लीनिक के बाहर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था के संरक्षक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता द्वारा भगवान शिव, माता पार्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। समिति के संरक्षक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक, समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक, डॉ. प्रिंस गुप्ता, गौरव दुआ, कंचन प्रिंस गुप्ता, कामेश गुप्ता, नीलम गुप्ता, शशिबाला शर्मा, शीतल, रवि गुप्ता, कार्तिक, कुमुद जैन, विभु जैन, सचिन जैन, यतेन्द्र शर्मा एडवोकेट, सौरव मालपानी, चंचल शर्मा, विशाखा शर्मा, नमन जैन आदि द्वारा कांवड़ ला रहे श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया।

## मरणोपरांत राजकुमारी की आंखों से दो नेत्रहीन देखेंगे दुनिया को

**धामपुर (चिंगारी)।** नगर के मोहल्ला लोहियान निवासी राजकुमारी बिश्नोई की आंखें उनके स्वर्गवासी होने के बाद नेत्रदान करने से दूसरे के जीवन में भी उजियारा प्रदान कर गई। स्वर्गीय शक्ति सिंह बिश्नोई की धर्मपत्नी राजकुमारी बिश्नोई अपने जीवन काल में अपने कुल गुरु श्री जंभेश्वर भगवान की शिक्षा व पर्यावरण की रक्षा के दिशा निर्देशों का अनुपालन करती रहीं। वह समाजसेवी कार्यों में भी बढ़कर भागीदारी निभाती रहीं, साथ ही श्री कृष्ण की भी उपासक रहीं। उनके पुत्र पंकज बिश्नोई ने बताया कि अपने निधन से कुछ समय पूर्व अक्टूबर 2025 में श्री शिव मंदिर पंजाबी कॉलोनी में साक्षी गोपालानंद जी महाराज द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया गया था। इस दौरान राजकुमारी बिश्नोई ने समाज के लिए सेवा भाव रखते हुए अपने नेत्रदान करने का संकल्प लिया था, जिसके अनुपालन में उनके मरण उपरांत उन्होंने व पौत्र एडवोकेट रोहन बिश्नोई, आकाश बिश्नोई द्वारा सीएल गुप्ता आई बैंक वेलफेयर सोसाइटी, मुरादाबाद को उनके नेत्रदान के बारे में सूचित किया। जिस पर डॉक्टरों की टीम धामपुर पहुंची और उनके नेत्र ग्रहण किये।



फाइल फोटो राजकुमारी बिश्नोई

## दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीट्यूशंस ने 20वां स्थापना दिवस मनाया

**धामपुर (चिंगारी)।** दिशा ग्रुप ऑफ इन्स्टीटयूशंस ने अपना 20वां स्थापना दिवस पूजा, हवन करके प्रारम्भ किया। जिसका शुभारम्भ संस्था की अध्यक्ष नीलम अग्रवाल, महासचिव मुकेश कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल, रजिस्ट्रार राजीव कुमार, अकेडमिक इन्चार्ज अमित विश्नोई, प्राचार्य इन्स्टीटयूट डॉ. दुष्यंत जैन, प्राचार्य फार्मेसी डॉ. विमल कुमार भारती ने मा सरस्वती एवं भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण करके किया। संस्था के स्थापना दिवस पर संस्था के सयुंक्त सचिव अनिरूद्ध अग्रवाल द्वारा घोषणा की गयी कि संस्था को संचालित करने वाली हमारी शशि देवी मूलचन्द एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा निर्णय लिया गया है कि इस वर्ष संस्था क्षेत्र के 20 आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का नि:शुल्क प्रवेश लिया जायेगा। महाविद्यालय में स्थापना दिवस के अवसर पर कालेज स्तरीय वॉलीबॉल, गोला फेंक, लम्बी कूद, टंग ऑफ वार, कैरम, शतरंज, बैडमिन्टन आदि खेल प्रतियोगिताओं के साथ छात्राओं की नृत्य प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में इवेन्ट कोआर्डिनेटर जितेन्द्र कुमार एवं मधुलिका राजपूत रहे। मंच का संचालन शिक्षिका रश्मि शर्मा तथा जौली चौहान ने किया।



कार्यक्रम का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए नीलम अग्रवाल।

### कार्यक्रम में इनका योगदान रहा

कार्यक्रम में जीत सिंह (मीडिया प्रभारी), गौरव मलिक (चीफ प्रोक्टर), डॉ. समीर अहमद (ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट हेड), बृजनेश सिसौदिया, नरेशपाल सिंह, प्रीति विश्नोई, मोनू कुमार, डॉ. एकता मलिक, नाजिश, निधि चौहान, परमजीत कौर, नीशू सिंह, राजेश कुमार, रश्मि शर्मा, जौली चौहान, प्रभात कुमार, सतेन्द्र शर्मा, रेशु रानी, जितेंन्द्र सिंह, मानशी, मंशा अग्रवाल, नमन कौशिक, वैष्णवी अग्रवाल, जसवंत सिंह, ललित कुमार, शिवम कुमार, सुनैना राजपूत, रजत चौहान, प्राकुल कुमार, संजना राजपूत, अंजली, गौतम, सूर्यप्रताप सिसौदिया, वैभव कटारिया, आकांक्षी, संदीप विश्नोई, विशाल गुप्ता, सचिन कुमार, अवनीश कुमार, दिव्यांश अग्रवाल, रीना देवी, दीपक शर्मा, रजनीश कुमार, आदि का पूर्ण सहयोग रहा।

# शासन की नीतियों के विरोध में शिक्षकों ने फूंका टीईटी का पुतला

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय संगठन के आह्वान पर जिले के शिक्षकों ने शासन की नीतियों के विरोध में टीईटी का पुतला फूंका। इस मौके पर टीईटी के विरोध में चलाए जा रहे आंदोलन को तेज करने का निर्णय लिया गया।



बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान व जिला मंत्री प्रशांत सिंह के नेतृत्व में शिक्षक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर एकत्रित हुए। शिक्षकों ने शासन द्वारा टीईटी को अनिवार्य किए जाने के विरोध में टेट का पुतला फूंका। जिला अध्यक्ष भूपेंद्र कुमार चौहान ने कहा कि शिक्षकों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला मंत्री प्रशांत सिंह ने कहा कि टेट की अनिवार्यता जब तक समाप्त नहीं होती आंदोलन को जारी रखा जाएगा। जूनियर हाईस्कूल शिक्षा संघ के जिला अध्यक्ष अरशद जमाली ने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई में उनका संगठन साथ है।

इस मौके पर असीम चौहान, विपिन कुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी, गर्वित चौधरी, नितिन चौहान, गिरीश चौहान, रूपेश चौधरी, चंद्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, धर्म सिंह, अमित पाठक, अरशद जमाली, गुलशन सिंह, अमरदीप सिंह, मंजीत ठाकरान, शीतल रानी, रितु सेठी, अलविदा रफत, तूलिका चौधरी, संजुला चौधरी, लता रानी, मीनू सिंह, शीलू त्यागी, मोहम्मद तारिक अलीम, आनंदपाल सिंह, सुहेल अख्तर, दीपक राजपूत, राहुल सिंह, कार्मेंद्र सिंह, राजकुमार, मनोज राठी, सरदार हरवंत सिंह, मनोज राठी आदि बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# कांवरती आ रहे बहुत सारे गूंज रहे भोले के जयकारे

**पैजनिया (चिंगारी)।** आगामी 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व को लेकर हरिद्वार से पैजनिया चौराहे से प्रति घंटे करीब हजारों कांवड़िये कांवड़ लेकर गुजर रहे हैं। पैजनिया-चांदपुर मार्ग पर जगह-जगह लगाए गए सेवा शिविरों में कांवड़िये आराम करने के साथ ही भोजन भी ग्रहण कर रहे हैं, जिससे पैजनिया चौराहे का माहौल बम भोले की जयकारों से गूंज उठा है। बुधवार को पैजनिया पुलिस चौकी परिसर, पैजनिया चौराहा के अलावा जगह-जगह लगाए गए भंडारों में भोले के भक्तों ने भोजन ग्रहण किया। इस दौरान पैजनिया पुलिस मुस्तैद है। इस संबंध में चौकी प्रभारी कमलेश सिंह ने बताया कि कांवड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए बिजनौर की ओर से आ रहे भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया है। उन्होंने बताया कि उनकी निगरानी में पुलिसकर्मी लगातार दिन-रात जागकर कांवड़ियों की सेवा में ड्यूटी को अंजाम दे रहे हैं।



# बिजनौर से गांव लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरूकी (चिंगारी)।** बुधवार की देर शाम बिजनौर से अपने घर लौट रहे एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक की शादी अभी दो माह पूर्व ही हुई थी, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



राजेंद्र कुमार उर्फ मौसम का फोइल फोटो

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बरूकी निवासी राजेंद्र कुमार उर्फ मौसम पुत्र ऋषिपाल बिजनौर स्थित एक बुक डिपो पर कार्यरत था। प्रतिदिन की भांति बुधवार को भी वह अपना कार्य समाप्त कर बाइक से घर लौट रहा था। जैसे ही वह सालमाबाद नहर के पास पहुंचा, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया।

राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अवस्था में उसे तत्काल जिला अस्पताल भिजवाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असामयिक मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। गांव में शोक का माहौल व्याप्त है।

# प्रेयर वॉल एक्टिविटी आयोजित की

**चांदपुर (चिंगारी)।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड, चांदपुर में सुबह की प्रार्थना सभा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के लिए एक खास 'प्रेयर वॉल एक्टिविटी' आयोजित की गई। कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने अपनी दिल से निकली प्रार्थनाएं, गोल और उम्मीदें रंगीन स्लिप पर लिखकर प्रेयर वॉल पर लगा दीं।




कई विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षा में सफलता, अपने परिवार के लिए अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति और आगे के उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रार्थना की। वॉल ने उनके समर्पण, भावनात्मक और पक्के इरादे को खूबसूरती से दिखाया।

प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने विद्यार्थियों को अनुशासित और साहसी रहने के लिए हिम्मत दी। इस बात पर जोर दिया, कहा कि प्रार्थना और कड़ी मेहनत हमेशा सफलता दिलाती है। अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को संतुलन बनाए रखने, समय को समझदारी से नियंत्रण करने और खुद पर विश्वास करने के लिए प्रेरित किया। वातावरण भावुक लेकिन प्रेरणादायक था, क्योंकि यह विद्यालय में विद्यार्थियों का अंतिम वर्ष है। प्रेयर वॉल कक्षा 12वीं के लिए उम्मीद, एकता और नई शुरुआत का प्रतीक बन गई।

# महिला परिचालक से छेड़छाड़ करने वाले मनचले की ठुकाई

**बिजनौर (चिंगारी)।** स्थानीय रोडवेज परिसर में बुधवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक मनचले ने महिला परिचालक से छेड़छाड़ की। विरोध करने पर महिला परिचालक और अन्य रोडवेज कर्मचारियों ने युवक को पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और उसकी जमकर पिटाई की। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना उस समय हुई जब महिला परिचालक अपनी ड्यूटी पर मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक ने उसके साथ अभद्रता की और छेड़छाड़ करने लगा। महिला ने तुरंत विरोध किया और शोर मचा दिया। शोर सुनकर रोडवेज कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आरोपी युवक को पकड़ लिया। गुस्साए कर्मचारियों और महिला परिचालक ने मिलकर युवक की लात-घूंसों से पिटाई की। घटना के बाद रोडवेज परिसर में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल रहा। यात्रियों और अन्य लोगों की भीड़ जमा हो गई, जिससे कुछ समय के लिए व्यवस्था प्रभावित हुई। मौके पर मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर युवक को कर्मचारियों से छुड़ाया। घटना की पुलिस को सूचना नहीं दी गयी।

# शिक्षिकाओं ने कार्यशाला में की सहभागिता

**नगीना (चिंगारी)।** सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी) द्वारा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में विद्यालयों की भूमिका विषय पर एक राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो से 11 फरवरी तक सीसीआरटी मुख्यालय नई दिल्ली में चले कार्यशाला में कोतवाली ब्लॉक की शिक्षिका कमलनी अग्रवाल समेत कई शिक्षिकाओं ने हिस्सा लेकर बिजनौर का नाम रोशन किया। कार्यशाला में देश के विभिन्न राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों से आए लगभग 53 सेवारत शिक्षकों प्रतिभागी सहभागिता की। जिन्होंने विद्यालय स्तर पर विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता विकसित करने की दिशा में अपने अनुभव साझा किये। समापन पर कार्यशाला अनुभाग के उपनिदेशक आशुतोष, कार्यक्रम समन्वयक शजुलैशा सिद्धार्थ व देवाराम देशवाल के द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला में कोतवाली ब्लाक क्षेत्र के कंपोजिट स्कूल मलकपुर अब्दुल्ला की शिक्षिका कमलनी अग्रवाल व कंपोजिट स्कूल राजोपुर सादात की शिक्षिका प्रेमलता के अलावा अंजलि राणा, कंचन व प्रतिभा ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय दिया। उनकी इस उपलब्धि पर उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षिका ब्लॉक कोतवाली ब्लॉक अध्यक्ष यशपाल सिंह, गर्वित चौधरी, परवेज आदिल माही, कामिनी दिवाकर, गज़ाला रूही, संकुल प्रभारी नगर नगीना मनीष राणा, दिलशाद जहां, राजपाल सिंह, उदयराज सिंह, सचिन, विवेक कुमार आदि ने उनकी इस उपलब्धि पर बधाई दी है।



दिल्ली में आयोजित कार्यशाला में शिक्षिका कमलनी अग्रवाल को सम्मानित करते अतिथि।

# कांवड़ियों की छावनी बना हरेवली तिराहा

**शेरकोट ( चिंगारी )।** हरेवली तिराहे से बड़ी संख्या में कांवरियों का आवागमन होने और जगह जगह विशाल सेवा शिविर लग जाने से क्षेत्र का वातावरण शिवमय नजर आने लगा है। गौरतलब है कि प्रति वर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर उत्तराखंड के पिथोरागढ़, हल्द्वानी, खटीमा, रानीखेत, अल्मोड़ा, रूद्रपुर, रामनगर, काशीपुर, जसपुर सहित रामपुर, स्वार, पीलीभीत, सीतापुर, बरेली, शाहजहांपुर आदि दूरदराज के हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौटने वाले कांवरती बड़ी संख्या में पैदल नगर से होकर गुजरते हैं। अधिकतर कांवरती जंगल के शोर्ट रास्ता से हरेवली चौराहे पर आकर निकलते हैं और हाइवे से अपने ज्ञातव्य की ओर बढ़ जाते हैं। मंगलवार से कांवरियों का नगर से गुजरने का शुरू हुआ सिलसिला कल दोपहर से तेज़ हो गया। आज बड़ी संख्या में कांवरती नगर से गुजर रहे हैं। जोश और उत्साह के साथ कावड़िए हर-हर महादेव के उद्घोषो और पैरों में बंधे घुंघरू की झंकार के बीच अपने गंतव्य की ओर बढ़ते जा रहे हैं। इस अवसर पर मनोकामना मंदिर , गढ़ी मंदिर, रानी फूल कुंवारी कन्या विद्यालय, किसान सेवा सहकारी समिति,नंदगांव के निकट खो नदी के किनारे सहित क्षेत्र में चल रहे कई दर्जन नि:शुल्क सेवा शिविर में सैकड़ों शिवभक्त सेवा कर धर्म लाभ कमा रहे हैं। हरेवली चौराहे के निकट कई बड़े सेवा शिविर लगने और बड़ी संख्या में कांवरियों के ट्रैक्टर ट्राली, डीसीएम ,ट्रक आदि वाहन यहां जमा होने व तेज आवाज में डीजे पर भजन बजने से हरेवली चौराहा कांवड़ियों की छावनी बना गया है।





### हाइवे पर यातायात व्यवस्था सुचारू रखने में कड़ी मशक्कत कर रही है शेरकोट पुलिस

नगर में हाइवे पर हरेवली तिराहे, रामसहाय वाला की चुंगी और चुंगी नंबर पांच पर मुख्य चौराहे है। इन स्थानों पर ओवर ब्रिज ना होने के कारण हर समय दुर्घटना का खतरा बना रहता है। कांवड़ यात्रा के दौरान हाइवे की एक साइड बन हो जाने पर इन स्थानों पर पुलिस को व्यवस्था बनाने में खड़ी ड्यूटी देनी पड़ती है। इस बार कावड़ यात्रा के दौरान एक्स्ट्रा पुलिस फोर्स ना आने से स्थानीय स्टाफ की यातायात व्यवस्था बनाने में लगा है। इस कार्य में सब इंस्पेक्टर बिजेंदर राठी महेश कुमार मोहित चौधरी गौरव कुमार कांस्टेबल संदीप कुमार अंकित राणा, अंकुर कुमार,चैन सिंह,अमोद कुमार,प्रदीप यादव सहित स्थानीय पुलिस स्टाफ रात दिन पूरी मुस्तैदी के साथ जुटा है।

# निर्माणाधीन पुल पर पुलिस ने कांवड़ियों का आवगमन बनाया सुगम



निर्माणाधीन पुल पर रखवाएं गए बोर्ड दिखाती पुलिस।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार से कांवड़िए गंगाजल लेकर अपनी मंजिल की ओर बढ़ रहे है। मंडावली पुलिस कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने में लगी हुई है। पुलिस जगह-जगह पर अलर्ट है। मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने कांवड़ियों की बढ़ती भीड़ को देख कोटावाली नदी पर निर्माणाधीन पुल की साइड पर सरियों के ऊपर लकड़ी के बोर्ड, तख्ते रखवाए। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई संजय कुमार व पुलिस टीम के साथ अपने हाथों से मिट्टी डालकर एक वैकल्पिक रास्ता तैयार किया। जिससे कांवड़ियों को पैदल निकलने में काफी राहत मिली है। मंडावली पुलिस के द्वारा किए गए कार्य की कांवड़ियों सहित क्षेत्र के लोगों ने प्रशंसा की।

# आकर्षण का केंद्र बना देशी जुगाड से बना फुव्वारा

कांवरियों की राह आसान बनाने के लिए हर साल ग्रामीणों द्वारा नंदगांव में खो नदी पर अस्थाई पुल बनाया जाता है। जिसके पास कई विशाल भंडारे लगाए गए हैं। नगीना से जंगल के रास्ते आने वाले अधिकतर कांवरती यहां रूक कर आगे बढ़ रहे हैं। कांवरियों के रूकने से यहां काफी भीड़ बनी हुई है। इसी स्थान पर ग्रामीणों द्वारा जहां हाथ मुंह धोने के लिए टंकियां लगाई है, वहीं देशी जुगाड से एक फुव्वारा भी लगाया गया है जो चारों ओर को पानी बरसा रहा है, आवश्यकता पड़ने पर कांवरिये फुव्वारे में स्नान कर रहे हैं।



# 'शिव शंभू कांवड़' व 'श्री महाकाल कांवड़' बनी आकर्षण का केंद्र

**शेरकोट ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को नगर में पहुंची उत्तराखंड के काशीपुर निवासी शिवभक्तों की मंदिर के आकार में बनी मनमोहक 'शिव शंभू कांवड़' और 'श्री महाकाल कांवड़' और डीजे आकर्षण का केंद्र बन गई। बीते दो दिन से नगर से बड़ी संख्या में कांवर गुजरने का सिलसिला चल रहा है। इस बीच बीती रात नगर के हरेवली चौराहे पर 40 शिवभक्तों का दल 20 फुट ऊंची 250 किलो ग्राम की विशाल कांवड़ लेकर पहुंचा। जबकि सुबह दस बजे लगभग ढाई कुंतल की दूसरी कांवड़ श्री महाकाल कांवड़ संघ के शिवभक्तों का जत्था लेकर शेरकोट पहुंचा। जिनका लोगों ने हर-हर महादेव के उद्घोषो से स्वागत किया। कांवड़ ला रहे काशीपुर निवासी शिवभक्तों ने बताया कि शिव शम्भू कांवड़ तीसरी बार आई है, जबकि महाकाल कांवड़ पिछले 15 वर्षों से आ रही है। दोनो विशाल कांवड़ मंदिर के आकार में बनाई गई है। इसमें शिव की प्रतिमा, उज्जैन महाकाल और हनुमान जी की मूर्तियां, आदि भव्य ढंग से सजाई गई हैं। वजन अधिक होने के कारण इसको एक साथ 8 से 10 लोग लेकर चल रहे हैं। कांवड़ लाने वाले काशीपुर के शिव भक्तों के जत्थे में महंत सुमित पुष्पक , भास्कर कश्यप सुरेंद्र कश्यप रोहन सोनू निशु नितिन सैनी रितिक अनु दक्ष सैनी कपिल रोहित अभिषेक संजू हनी आलोक विक्की मोनू व हेमंत कश्यप आदि शामिल रहे।





# जिलाधिकारी ने किया कार्यालयों का निरीक्षण



नगर पालिका कार्यालय का निरीक्षण करतीं जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर

हल्दौर ( चिंगारी )। जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर द्वारा नगर पालिका कार्यालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र व ब्लॉक कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

बुधवार को अपरान्ह में जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर नगर पालिका कार्यालय पहुंचीं, जहां पर उन्होंने कार्यालय, कार्यालय के अभिलेखों, नवीन पुस्तकालय आदि का निरीक्षण करते हुए सफाई व पेयजल व्यवस्था दुरुस्त रखने के कर्मचारियों को निर्देश दिये। इसके बाद जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हल्दौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीकाकरण कक्ष, ओपीडी कक्ष, पर्ची कक्ष, औषधि कक्ष, डिलीवरी कक्ष व अभिलेख कक्ष आदि का बारीकी से निरीक्षण कर स्वास्थ्यकर्मियों को आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने वहां पर मौजूद मरीजों से भी बातचीत कर चैकअप, दवाई और देखभाल आदि की जानकारी ली। इसके उपरांत जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर ने ब्लॉक कार्यालय पहुंचकर ब्लॉक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने कार्यालय के सभी कक्षों, अभिलेखों, कार्यो आदि का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों से जानकारी ली। इस दौरान उक्त तीनों कार्यालयों के संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसपी ने किया थाने का निरीक्षण

हल्दौर ( चिंगारी )। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने स्थानीय थाने का वार्षिक निरीक्षण कर थाना स्टाफ को आवश्यक निर्देश दिये। बुधवार के अपरान्ह पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। सबसे पहले उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, थाने के अभिलेखों, शास्त्रों, हवालात, हवालात की सुरक्षा व्यवस्था, सफाई व्यवस्था, महिला हेल्प डेस्क, बैरक, सीसीटीवी, मैस, आवासों, मुकदमों में विचाराधीन वाहनों आदि का बारीकी से निरीक्षण कर थाना स्टाफ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने थाने आने वाले सभी फरियादियों की फरियाद सुनकर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित करने, लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण करने, महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु जागरूकता बढ़ाने आदि के निर्देश दिये। इस दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक किशन अवतार सहित थाने का स्टाफ उपस्थित रहा।



## ‘यह विदाई बजट है’ भाजपा की विदाई तय-अखिलेश

लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )। उत्तर प्रदेश विधानसभा में पेश किए गए योगी सरकार के 10 वें बजट को लेकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने जोरदार हमला बोला है। उन्होंने इसे विदाई बजट करार दिया है। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि बजट का आकार भले ही 9 लाख करोड़ रुपये से अधिक दिखाया जा रहा हो, लेकिन जमीनी हकीकत में यह जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। समाजवादी पार्टी के राज मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान अखिलेश यादव ने कहा, यह विदाई बजट है और अब भाजपा की विदाई तय है। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बजट का आकार स्वाभाविक रूप से बढ़ता है, इसलिए केवल राशि बढ़ाना उपलब्धि नहीं माना जा सकता। असली सवाल यह है कि पिछले बजटों का पूरा और प्रभावी उपयोग क्यों नहीं हो सका? उनका आरोप था कि सरकार 50 प्रतिशत से अधिक धनराशि भी प्रभावी ढंग से खर्च नहीं कर पाई, जो प्रशासनिक अक्षमता को दर्शाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि यदि उत्तर प्रदेश को तीन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तो राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) लगभग 90 लाख करोड़ रुपये के आसपास होनी चाहिए। मौजूदा दावों और वास्तविक आंकड़ों के बीच बड़ा अंतर है, जिससे सरकार की तैयारी और नीयत पर सवाल खड़े होते हैं। एमएसएमई क्षेत्र का मुद्दा उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 92 लाख इकाइयां हैं, जिनमें से 82 लाख अब तक पंजीकृत नहीं हैं। उन्होंने पूछा कि एक दशक में इतनी बड़ी संख्या में इकाइयों का पंजीकरण क्यों नहीं हो पाया। उनका कहना था कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार समझौतों और नीतिगत बदलावों का सीधा असर एमएसएमई और किसानों पर पड़ेगा, लेकिन बजट में इनके लिए ठोस रणनीति नजर नहीं आती।



## बेसिक शिक्षा के लिए खुला पिटारा, हर जिले में होगा मॉडल स्कूल



विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट में प्रदेश की बेसिक शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष फोकस किया गया है। बजट प्रस्तावों से यह स्पष्ट संकेत मिलता है कि सरकार प्राथमिक और उच्च प्राथमिक शिक्षा के ढांचे में व्यापक बदलाव की दिशा में आगे बढ़ रही है। बजट में बेसिक शिक्षा के लिए 77,622 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व व्यवस्था प्रस्तुत की गई है। यह राशि परिषदीय विद्यालयों के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने, शैक्षणिक गुणवत्ता सुधारने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहेगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का मानना है कि इन प्रावधानों से प्रदेश की प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिलेगी।

## मजदूरों के लिए लेबर अड्डे बनेंगे



अपने घर, गांव से दूर शहरों में काम करने वाले मजदूरों के लिए लेबर अड्डों का निर्माण कराया जाएगा। एक्स-ग्रेशिया अनुदान के अंतर्गत दिनांक 26.08.2021 से दिनांक 31.03.2022 तक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत असंगठित श्रमिकों की किसी दुर्घटना में मृत्यु अथवा पूर्ण दिव्यांगता की स्थिति में 2 लाख रुपये तथा आंशिक दिव्यांगता पर 01 लाख रुपये का भुगतान किया जा रहा है। प्रदेश में प्रथम बार निर्माण श्रमिकों के स्वास्थ्य परीक्षण और स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान करने हेतु मोबाइल हेल्थ वैन का संचालन पायलट प्रोजेक्ट के रूप में किया गया। रोजगार के इच्छुक अभ्यर्थियों/श्रमिकों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश रोजगार मिशन का गठन किया गया है।

## यूपी का बजट : उद्योगों को प्रोत्साहन



इस बजट में रोजगार, स्वास्थ्य, प्रदेश में उत्तम अवस्थापना सुविधाओं को विशेष महत्व दिया गया है। प्रदेश में उद्योगों के विकास हेतु सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम, ओ.डी.ओ.पी. व कौशल विकास हेतु योजनायें प्रावधानित हैं। यह बजट कुशल वित्तीय प्रबन्धन व अनुशासन के माध्यम से आर्थिक गति देगा।

**-ई मणि खन्ना**
**महामंत्री लघु उद्योग भारती**



बजट में भविष्य में प्रयोग आने वाले आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डाटा सेंटर क्लस्टर की स्थापना व इकोनॉमिक क्लस्टर जोन आदि की घोषणाएं सूक्ष्म, लघु उद्योगों के विकास में अत्यधिक सहायक होगी, इससे डिजिटल इंटरप्रेन्योरशिप को बढ़ावा मिलेगा।

**-राजेश अरोड़ा**
**जिला कोषाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती**



महिला उद्यमी को प्रोत्साहन व उद्योग व व्यापार की प्रक्रियाओं के सरलीकरण का प्रस्ताव भी उपयोगी है, जिससे प्रदेश की जीडीपी ग्रोथ पिछले वर्ष की तुलना में अधिक होगी।

**-सुधीर अग्रवाल**
उपाध्यक्ष, लघु उद्योग भारती बिजनौर
सुधीर अग्रवाल एंड एसोसिएट



उ.प्र. देश की 03 अग्रणी में आर्थिक व्यवस्था है। आगामी वित्तीय वर्ष में पूंजी निवेश के 50 लाख करोड़ के प्रस्ताव से 10 लाख युवाओं को रोजगार के अवसर सुलभ हो सकेंगे। बजट में 43 हजार करोड़ रुपये की नई योजनाएं प्रारम्भ किये जाने की घोषणा भी अत्यधिक महत्वपूर्ण है।

**-नेपाल सिंह**
अध्यक्ष नहटौर माटी कला उद्योग

## बजट दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं, गरीबों के साथ धोखा : एमआर पाशा



पिछले कई दशकों से दिव्यांगों, बुजुर्गों, विधवाओं, गरीबों की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीप आइकॉन ब्रांड एंबेसडर लोकसभा चुनाव 2024 सदस्य जिला स्तरीय समिति बिजनौर एमआर पाशा ने प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से बेहद आहत हैं। उन्हें उम्मीद थी कि बजट में दिव्यांग, विधवा, बुजुर्गों, गरीब वर्गों के लिए बहुत बड़ा पैकेज होगा, लेकिन सरकार द्वारा पेश किया गया बजट में इन वर्गों के लिए कुछ भी नहीं है। न ही पेंशन बढ़ोतरी हुई, न आयुष्मान कार्ड की घोषणा हुई। दिव्यांग एक्ट 2016 लागू होना था, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांग आयोग का गठन हो चुका है, उसको लागू होना था, इसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांगजनों का आरक्षण 4 से 10 प्रतिशत होना था, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांगजनों को रोजगार की घोषणा के लिए ऋण की घोषणा होनी थी, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। दिव्यांगजनों का आरक्षण बैकलॉग के हिसाब से सरकारी नौकरी की भी घोषणा नहीं हुई। यूडीआईडी परिवहन बस और ट्रेन में लागू होनी थी, उसकी भी घोषणा नहीं हुई। कुल मिलाकर प्रदेश सरकार ने इन वर्गों के साथ धोखा किया है।

# प्रिंस कुमार के होटल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस का भव्य शुभारंभ



होटल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस, गोलबाग चौराहा, बिजनौर

## होटल में मिलेंगी फाइव स्टार सुविधाएं


चौधरी प्रिंस कुमार

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के इतिहास में विकास का एक नया अध्याय कल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस होटल के रूप में जुड़ा। वरिष्ठ भाजपा नेता चौधरी प्रिंस कुमार ने बिजनौर-मुरादाबाद रोड स्थित गोलबाग चौराहे पर यह शानदार होटल बनाया है, जिसका उद्घाटन कल सायं धामपुर विधायक अशोक राणा, पूर्व मंत्री भारतेन्द्र सिंह, चौधरी पदम सिंह, डा. धर्मवीर सिंह, अतुल जैन, ओपी राणा, विजय वाजपेयी आदि की मौजूदगी में किया गया। इससे पूर्व पूर्ण विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना की गई। चौधरी प्रिंस कुमार ने बताया कि होटल बेस्ट वेस्टर्न प्रिंस जनपद के विकास व पर्यटन के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा। होटल में लग्जरी रूम, स्विमिंग पूल, बार, रेस्टोरेंट, एक हजार व्यक्तियों की क्षमता का वातानुकूलित मीटिंग हॉल, बैंकट हॉल, पार्किंग आदि की सुविधा उपलब्ध है। इस अवसर पर गीत-संगीत का रंगारंग कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

### बथुए का साग भी मिलेगा

**चौधरी प्रिंस कुमार ने कहा कि बिजनौर महात्मा विदुर की तपस्थली है, जहां पर भगवान श्री कृष्ण ने बथुए का साग खाया था। उनके होटल के रेस्टोरेंट में बथुए के साग की भी व्यवस्था रहेगी। रेस्टोरेंट रात्रि 12 बजे तक खुलेगा।**

# थाना परिसर में किन्नरों के बीच हुई मारपीट की भेंट चढ़े कोतवाल, एसपी ने किया सस्पैंड

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मंगलवार को थाना कोतवाली शहर बिजनौर परिसर में किन्नरों के दो गुटों के बीच हुई मारपीट के मामले में पुलिस द्वारा बरती गई लापरवाही के आरोप में एसपी अभिषेक झा ने शहर कोतवाल धर्मेन्द्र सोलंकी को निलम्बित कर दिया है।

मंगलवार को शहर कोतवाली परिसर में फैसले के लिए पहुंचे दो किन्नर गुटों के बीच जमकर मारपीट हो गई थी। इस दौरान थाना परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया था। घटना के बाद पुलिस पर एकतरफा कार्रवाई करने के आरोप लगे। पुलिस ने इस मामले में एक पक्ष के 14 किन्नरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उनका चालान कर दिया। जांच क्षेत्राधिकारी नगर (सीओ सिटी) संग्राम सिंह द्वारा की गई, जिसमें सामने आया कि जो पक्ष वीडियो में आक्रामक दिखाई दे रहा था, उसी की ओर से मुकदमा दर्ज कर लिया गया और 14 लोगों की गिरफ्तारी की गई।

सीओ सिटी की प्रारंभिक जांच में प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह की लापरवाही और शिथिलता सामने आई। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए विभागीय जांच के आदेश दिये। निलंबित किये गये प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सोलंकी के स्थान पर अफज़लगढ़ थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह को बिजनौर कोतवाली की ज़िम्मदारी सौंपी गई है। रेहड़ थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह राठी को अफज़लगढ़ थाने का चार्ज दिया गया है, जबकि विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी इंस्पेक्टर राजीव कुमार वर्मा को रेहड़ थाने की ज़िम्मेदारी दी गई है।

## दूसरे पक्ष के 8 किन्नरों का भी चालान

एसपी अभिषेक झा ने एक पक्ष के विरुद्ध की गई कार्यवाही को गंभीरता से लिया। उन्होंने न केवल कोतवाल धर्मेंद्र सोलंकी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया, बल्कि निष्पक्षता के साथ दूसरे पक्ष के खिलाफ भी कार्यवाही के निर्देश दिये। नवनियुक्त शहर कोतवाल रामप्रताप सिंह ने बताया कि दूसरे पक्ष के किन्नर हाजी रानी साहित 8 किन्नरों का भी चालान कर दिया गया है।

# प्रदेश सरकार का बजट केवल घोषणाओं का पुलिंदा : डा. तोमर

**बिजनौर ( चिंगारी )।** बिजनौर समाजवादी पार्टी राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. रमेश तोमर ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पेश किये गए बजट को घोषणाओं का पुलिंदा बताया है। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश में नारी सुरक्षित होती तो अपराध के आंकड़े रोज शर्मसार न करते। अगर युवा सक्षम होते तो लाखों पद खाली न पड़े होते और भर्ती परीक्षाएं घोटालों की भेंट न चढ़तीं। अगर किसान खुशहाल होता तो गन्ना भुगतान के लिए सड़क पर न उतरता। 43,565 करोड़ नई योजनाओं की घोषणा और 2 लाख करोड़ निर्माण खर्च का दावा सिर्फ आंकड़ों की बाजीगरी है। प्रदेश का युवा टैबलेट नहीं, नौकरी मांग रहा है। किसान सब्सिडी नहीं, अपनी फसल का गारंटी दाम चाहता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार कहती है कि 9 साल में कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं लगाया गया, तो फिर आम जनता पर महंगाई का बोझ क्यों बढ़ता जा रहा है। बिजली, खाद, बीज, डीजल सब महंगा है, इसका जिम्मेदार कौन है? रेवेन्यू प्लस राज्य का दावा करने वाली सरकार पहले यह बताए कि बेरोजगारी दर, किसान आत्महत्या और उद्योगों की वास्तविक स्थिति क्या है।

# बजट में किसानों की अनदेखी की गई



**बिजनौर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने बजट 2026 में किसानों के लिए अच्छी योजना भी लाई है। साथ ही बजट में किसानों की अनदेखी भी की है। सरकार को छुट्टा पशुओं का स्थाई समाधान करना चाहिए था। फसलों के दाम बढ़ने पर जोर देना चाहिए ताकि किसानों को एमएसपी के आसपास फसलों का रेट मिल सके।

# कोतवाली पहुंची एनएसएस की रैली स्वयंसेविकों ने देखी पुलिस की कार्यशैली

**बिजनौर ( चिंगारी )।** वर्धमान कॉलेज बिजनौर के राष्ट्रीय सेवा योजना ने तृतीय एक-दिवसीय शिविर में 'सुरक्षित भारत अभियान' के अंतर्गत एनएसएस के स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय से थाना कोतवाली बिजनौर तक एक रैली का आयोजन किया। तृतीय एक दिवसीय शिविर का शुभारंभ स्वयंसेवकों ने एनएसएस के 'लक्ष्य गीत' को गाकर किया। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. प्रीति खन्ना ने रैली को हरी झंडी दिखाकर सभी का प्रोत्साहन किया। कोतवाली में श्री अंकुर कुमार एवं श्री ब्राइट फ्लावर, एसआई ने कोतवाली परिसर का भ्रमण कराया तथा महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। मिशन शक्ति केंद्र की प्रभारी सुश्री ममता एवं अंजलि कुमारी ने महिलाओं के लिए बनाए गए कानूनों के बारे जानकारी प्रदान की। उन्होंने वोमेन पॉवर लाइंस-1090, महिला हेल्पलाइन नंबर 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076, आपातकालीन सेवा-112 इत्यादि के बारे में भी जानकारी प्रदान की। एनएसएस प्रोग्राम अधिकारी डॉ. बबीता चौधरी, डॉ. मेघना अरोड़ा, डॉ. मु. साबिर एवं डॉ. अनूप कुमार गुप्ता ने सभी का धन्यवाद किया। डॉ. प्रशांत कुमार सिंह एवं यश चौहान ने शिविर में उपस्थित होकर विद्यार्थियों का प्रोत्साहन किया।




# विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया

**नूरपुर ( चिंगारी )।** बुधवार को ब्लॉक संसाधन केन्द्र पर विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षक भूपेन्द्र सिंह, गुलज़ार अहमद, लवी कुमार, ऋतुराज सिंह द्वारा आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं अन्य सदस्यों को उनके दायित्वों, सामुदायिक सहभागिता, अभिभावक सहभागिता, डिजिटल पेंटिंग, निपुण भारत कार्यक्रम, एसएमसी के कार्य व दायित्व सामुदायिक सहभागिता, विद्यालय स्वस्थता, नियमित उपस्थिति, निमार्ण कार्य का दायित्व, एमडीएम का गुणवत्तापूर्ण सामग्री द्वारा बनाना तथा समग्र शिक्षा के अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यक्रमों में उनकी भूमिका के विषय में जानकारी प्रदान की गई।

खंड शिक्षा अधिकारी अमरेश द्वारा बताया गया है कि एसएमसी का गठन दो वर्ष के लिए किया जाता है, जिसमें 11 अभिभावक सदस्य और 4 नामित सदस्य होते हैं तथा एसएमसी का अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना जाता है तथा एसएमसी का सचिव विद्यालय का प्रधानाध्यापक होता है। एसएमसी के सहयोग से विद्यालय में सरकार की योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वय किया जाता है। इस कार्यशाला में विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष और प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। समस्त संबंधित प्रधानाध्यापक/इंचार्ज से अपेक्षा है कि वे अपने-अपने विद्यालयों की विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों द्वारा विद्यालय में कायाकल्प सहयोग का कार्य लिया जाएगा। कार्यशाला में भूपेंद्र चौहान, नितिन चौहान, राजवीर सिंह, अंगजीत चौधरी, अमीना परवीर, अंजुम परवीन, शादमां, इंदु सिंह, पूजा, अंशु चौधरी, इकबाल अहमद, नौशाद अहमद आदि शिक्षक उपस्थित रहे।


बीआरसी केन्द्र पर प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक

# कांवड़ियों के नाव से गंगा पार करने पर रोक लगाई

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** कल दोपहर काफी संख्या में पैदल कांवरती नाव से गंगा पार करके खादर के दुर्गम क्षेत्र मार्ग से होते हुए नांगल पहुंचे। नांगल पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस से सम्पर्क कर कांवरतियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए उनके नाव से गंगा पार करने पर रोक लगा दी। ग्राम सराय आलम, खानपुर, नांगल, सौफतपुर, चंदोक आदि में श्रद्धालु कांवरतियों की सेवा कर रहे हैं। कल दोपहर को गंगा खादर क्षेत्र मार्ग से काफी संख्या में महिला-पुरुष कांवरती नांगल पहुंचे थे। धूल-मिट्टी का मार्ग होने के बावजूद इस मार्ग से कांवरती इसलिये आते हैं कि यहां से आने पर हरिद्वार से नांगल सोती के मध्य की दूरी लगभग आधी हो जाती है।

गंगा पार कर आने वाले कांवरतियों को खादर क्षेत्र में नांगल की ओर पड़ने वाले बाहे



गंगा पार करके आये कांवरती बाहे के पानी से होकर निकलते हुए

में चल रहे पानी से होकर गुजरना पड़ा। उक्त स्थान का कई दिन पहले एसडीएम नजीबाबाद शैलेन्द्र कुमार सिंह और नायब तहसीलदार अमित कुमार ने दौरा किया था और कांवरतियों की सुविधा के लिये पानी में पाइप डलवाने की बात कही थी, मगर वहां पाइप नहीं डाले गये। इस सम्बन्ध में एसडीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह का कहना है कि पीडब्ल्यूडी ने पाइप होने से इंकार कर दिया था, तो उन्होंने बीडीओ से पाइप डलवाने को कहा था। बुलंदशहर और अमरोहा जिले के कांवरती गंगा खादर मार्ग से आ रहे थे। स्थानीय पुलिस को नाव से गंगा पार कर खादर के दुर्गम मार्ग से कांवरतियों के आने का पता लगा, तो स्थानीय पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस से सम्पर्क कर कांवरतियों की सुरक्षा का हवाला देते हुए उनके नाव से गंगा नदी पार करने पर रोक लगा दी। जिस पर नाव वालों ने कांवड़ियों को गंगा पार कराना बंद कर दिया। आखिरकार शाम को कांवरती गंगा घाट से वापस लौट गये।

### सीओ का कहना है..

**पुलिस क्षेत्राधिकारी नितेश प्रताप सिंह का कहना है कि कांवड़ियों की सुरक्षा के दृष्टिगत उनके नाव से गंगा पार करने को रुकवाया गया है। कांवड़ियों के लिये रूट निर्धारित है, जहां प्रशासन ने पूरी व्यवस्था की हुई है। कांवड़ियों को निर्धारित रूट से ही आना चाहिये। उनके गैर निर्धारित रूट से आने पर व्यवस्था खराब होती है।**

## प्राचीन कांवड़ सेवा शिविर सहित कई जगह शिविरों का शुभारंभ किया गया

**स्योहारा ( चिंगारी )** नगर में शिवभक्तों के लिए जगह-जगह शिविर का आयोजन किया गया। इन शिविरों में शिवभक्तों के लिए भोजन, विश्राम, स्नान आदि की व्यवस्था की गयी है। ये शिविर शिवरात्रि तक चलाए जाएगें। बुधवार को स्टेशन परिसर में लगने वाले प्राचीन कांवड़ सेवा शिविर का शुभारंभ पंडित सुजीत भारद्वाज विधि-विधान पूजन हवन के बाद वरिष्ठ समाजसेवी चिकित्सक डा.मनोज वर्मा, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज भटनागर द्वारा किया गया है। इस मौके पर शिविर संरक्षक डा.मनोज कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर प्राचीन समय से लगता चला रहा है और जिसमें सभी लोग मिलकर शिविर को सफल बनाने का कार्य करते हैं। युवा व्यापारी नेता अमित कुमार वर्मा ने कहा कि शिवभक्तों की सेवा शिव सेवा के समान है। सेवा शिविर व्यवस्थापक मनोज भटनागर ने बताया कि शिविर कांवड़ यात्रियों की सेवा के लिए हर साल लगता है, जिसमें सभी लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। इस मौके पर संजय जैन, अरूणा वर्मा, अमित वर्मा, अवधेश महेश्वरी, संजीव भंडारी, शलेंद्र, अनुराग भटनागर, अरुण वर्मा, अनिल जैन, डा.महेंद्र, अकरम अल्वी, आदेश सैनी, सतेंद्र सैनी आदि मौजूद रहे।






## घुप अंधेरे में दुर्गम मार्ग से गुजर रहे कांवरती

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** हरेवली से अफजलगढ़ तक आने वाला मुख्य मार्ग इन दिनों पूरी तरह अंधेरे की चपेट में है। जो कांवड़ यात्रा के दौरान हजारों श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर सीधा खतरा पैदा कर रहा है। हरेवली बैराज क्षेत्र को छोड़कर अफजलगढ़ तक लगभग आठ किलोमीटर लंबे हिस्से में पथ प्रकाश की कोई व्यवस्था नहीं है। यह स्थिति न केवल चिंताजनक है। बल्कि संबंधित विभागों की लापरवाही और संवेदनहीनता को भी उजागर करती है। कांवड़ यात्रा के दौरान इस मार्ग पर दिन-रात श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। बड़ी संख्या में कांवड़िए पैदल गुजर रहे हैं। लेकिन रात होते ही पूरा रास्ता घने अंधेरे में डूब जाता है। ऐसे में वाहनों के आने-जाने के दौरान उनकी लाइटों में सड़क के गड्ढे, मोड़ और असमान सतह दिखाई नहीं देती, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। तेज रफ्तार से गुजरने वाले वाहनों और भारी ट्रैफिक के बीच बिना प्रकाश के चलना जान जोखिम में डालने जैसा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट के पोल तो लगे हैं, लेकिन या तो लाइटें बंद पड़ी हैं या फिर महीनों से खराब हैं। बावजूद इसके मरम्मत या वैकल्पिक प्रकाश व्यवस्था की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। धार्मिक और भीड़भाड़ वाले मार्ग पर भी यदि बुनियादी सुविधा उपलब्ध नहीं कराई जा रही तो यह प्रशासनिक तंत्र की कार्यशैली पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। ग्रामीणों और सामाजिक संगठनों ने जल्द प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि रास्ते में प्रकाश व्यवस्था उपलब्ध नहीं की गई तो किसी भी दिन बड़ी दुर्घटना हो सकती है, जिसकी पूरी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और प्रशासन की होगी। लोगों ने तत्काल प्रकाश की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि कांवड़ियों और आम राहगीरों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

## कांवड़ियों के आवागमन का सिलसिला तेज हुआ





कांवड़ मार्ग पर निगरानी करते हुए लोगों को दिशा निर्देश देते सीओ डॉ. अंजनी कुमार चतुर्वेदी। मनमोहक कांवड़ लेकर निकलते शिवभक्तों का जत्था।

**नगीना ( चिंगारी )।** महाशिवरात्रि पर्व के मौके पर हरिद्वार से पवित्र गंगाजल व कांवड़ लेकर अपने गंतव्य को जाने वाले शिवभक्त कांवड़ियों का नगर से होते हुए निकलने का सिलसिला रोजाना तेजी पकड़ रहा है। बुधवार को शिवभक्तों के भारी आवागमन से नगीना से बूंदकी व धामपुर मार्ग पूरी तरह भरा रहा। शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने इस मार्ग पर सभी तरह के वाहनों पर पूरी तरह रोक लगा दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी ने बुधवार को पूरे दिन कांवड़ मार्ग का बारीकी से निरीक्षण किया तथा ड्यूटी पर मौजूद पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश दिए। नगीना क्षेत्र में शिवभक्तों की सेवा में समाजसेवी लोगों ने पलक पांवड़े बिछा दिये हैं।

# बंदियों को लेकर जा रही पुलिस वैन की टक्कर से युवक की मौत

नूरपुर ( चिंगारी )। यहां मुरादाबाद मार्ग पर ग्राम सैदपुर माफ़ी के पास पुलिस वैन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि एक युवक घायल हो गया।

जिला मुख्यालय से बंदियों को लेकर मुरादाबाद जा रही पुलिस वैन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक युवक मुनाजिर ( 28 वर्ष ) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक शहजाद गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वैन चालक वैन लेकर मौके से चला गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश फैल गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों और ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर जमकर हंगामा किया। पुलिस ने घायल शहजाद को उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने युवक की गम्भीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रैफर कर दिया। परिजन उसे उपचार के लिए मुरादाबाद के निजी अस्पताल ले गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष विकास कुमार तेवतिया व सीओ देश दीपक ने घटनास्थल पर पहुंच कर मामले की जानकारी लेते हुए हंगामा कर रहे लोगों को उचित कार्यवाही करने का आश्वासन देकर शान्त कराया।



मृतक का फ़ाइल फ़ोटो



घायल शहजाद

# स्कूल में हुई फेयरवेल पार्टी



नहटौर ( चिंगारी )। मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। छात्र अपने अनुभवों को शेयर करते हुए भावुक हो गये। बुधवार को आयोजित फेयरवेल पार्टी स्वस्ति का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर किया। कक्षा 9 के छात्रों की ओर से आयोजित पार्टी में जमकर धमाल मचाया। प्रधानाचार्य डॉ. सचिन चौधरी ने कहा कि परीक्षा में लगन, मेहनत के साथ सभी को सर्वोत्तम प्रदर्शन करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि निरन्तर प्रयास, कठिन परिश्रम एवं अनुशासन के माध्यम से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत किए व पहेली पूछी गई। दसवीं कक्षा के छात्रों ने अपने अनुभवों को दुनिया के साथियों के साथ शेयर किया। अनुभव को शेयर करते हुए सभी छात्र भावुक हो गये।

## ताऊ और भतीजे को श्रद्धांजलि अर्पित की

नहटौर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन राजनीतिक के जिला उपाध्यक्ष संजीव चौधरी के पुत्र स्व. भानु एवं भाई स्व. सत्यवीर सिंह को किसान नेताओं व क्षेत्रवासियों ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि। भानु प्रताप सिंह और उसके ताऊ सत्यवीर सिंह की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। बुधवार को खजूराजट में आयोजित शोक सभा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शांति पाठ हुआ। शोकसभा में उपस्थित भारी संख्या में क्षेत्रवासियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन रखा गया। ईश्वर से पीड़ित परिवार को दुःख सहने की क्षमता प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

## 50 रूपये के लिये बच्चे को परीक्षा में नहीं बैठने दिया

### डीएम को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की

बिजनौर ( चिंगारी )। ग्राम बल्दिया निवासी राहुल चौधरी एडवोकेट ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर सेंट मैरी स्कूल हल्दौर की प्रधानाचार्या व एक टीचर पर अपने बच्चे के कथित उत्पीड़न का आरोप लगाते हुये कार्यवाही की मांग की है। राहुल चौधरी ने बताया कि उनका पुत्र हरमन चौधरी सेंट मैरी स्कूल हल्दौर में कक्षा तीन का छात्र है। तबीयत खराब होने के कारण हरमन 26 जनवरी को स्कूल नहीं जा पाया था, जिस पर उसके कक्षा अध्यापक ने 50 रूपये फाइन लगा दिया था। राहुल चौधरी ने बताया कि उनका बेटा फाइन नहीं दे पाया था, जिस कारण कक्षा अध्यापक रश्मि अग्रवाल ने बच्चे को प्रताड़ित किया और 6 फरवरी को परीक्षा में भी नहीं बैठने दिया। राहुल चौधरी का कहना है कि उनका बेटा बहुत डरा हुआ है। अब वह स्कूल जाने से भी डर रहा है।

## दो सड़क हादसों में चार लोग घायल

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। बुधवार को दो सड़क हादसों में दो महिलाओं सहित चार लोग घायल हो गये। बुधवार की अपराह्न थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम जाब्तानगर निवासी कुड़वा सिंह पुत्र छोटे दहलावाला बस स्टैंड के पास अफजलगढ़ जाने के लिए जैसे ही टैंपो मोड़ रहा था, तभी पीछे से आ रही स्कूटी की टैंपो से भिड़ंत हो गई, जिसमें स्कूटी चालक ग्राम आसपुर थाना जसपुर (उत्तराखंड) निवासी कु. दिया चौहान व पीछे बैठी उसकी बुआ ममता देवी घायल हो गईं। जिन्होंने रेहड़ स्थित एक प्राइवेट चिकित्सक से उपचार कराया। दूसरी ओर अफजलगढ़ द्वारिकेश शुगर मिल के पास टी-पॉइंट पर कार व बाइक की टक्कर में बाइक सवार नईम अहमद (25 वर्ष) पुत्र हमीदुल्ला व सलमान (22 वर्ष) पुत्र शमीम निवासीगण ग्राम मच्छमार चोटिल हो गए। जिनको सीएचसी अफजलगढ़ में उपचार के कुछ देर बाद डिस्चार्ज कर दिया गया।

## कार्यालय खण्ड शिक्षा अधिकारी, मौ.पुर देवमल ( बिजनौर )।

पत्रांक: बेसिक/1421-27/2025-26 दिनांक-09-02-2026

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राथमिक विद्यालय धनुवाला में खड़े यूकेलिप्टिस के पेड़ों की नीलामी दिनांक 14.02.2026 को प्रातः 11:00 बजे से विद्यालय प्रांगण में आयोजित की गयी है। इच्छुक व्यक्ति नियम समय, तिथि एवं स्थान पर उपस्थित होकर बोली में भाग ले सकते हैं। नीलामी के नियम एवं शर्तें किसी भी कार्य दिवस में सम्बंधित विद्यालय से प्राप्त की जा सकती हैं।

**डा. प्रभात कुमार**
**खण्ड शिक्षा अधिकारी**
**मौ.पुर देवमल ( बिजनौर )**

## कक्षा 10 के विद्यार्थियों को विदाई दी



नूरपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव लिंडरपुर के मन भावन सार्वजनिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विदाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा दसवीं के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद देवी ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य विकुल कुमार यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बच्चे अनुशासन व आत्मविश्वास के साथ अपनी परीक्षा देकर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में मिस्टर फेयरवेल अब्दुल्ला तथा मिस फेयरवेल अंकिता सैनी को ताज, पटका पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन शबनम ने किया। इस अवसर पर दीपाली, सोमवीर सिंह, शोभा यादव, मंजू एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# चौधरी अजित सिंह की 87वीं जयंती मनाई वक्ताओं ने उनकी उपलब्धियां गिनाईं

बिजनौर ( चिंगारी )। राष्ट्रीय लोकदल के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्र मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की 87वीं जयंती पर पार्टी के जिला कार्यालय पर हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ओमपाल कश्यप की अध्यक्षता में एक विचार गोष्ठी भी आयोजित की गई। गोष्ठी में बोलते हुए प्रदेश महासचिव नागेन्द्र पवार, श्रीमती आशु राणा, जिलाध्यक्ष ओमपाल कश्यप ने चौधरी अजित सिंह द्वारा किये गये कार्यों को याद किया। कहा कि चौधरी साहब ने बिजनौर जिले में चार शुगर मिलें लगवाई। गन्ने में एथनोल मिलाने का फार्मूला अजित सिंह लेकर आये। उन्होंने अपना पूरा जीवन किसानों के हक की लड़ाई में लगाया। संजीव चौधरी के संचालन में हुई गोष्ठी में युवा जिलाध्यक्ष इमरान कुरैशी, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष लवकुश फौजी, अलबेल सिंह, धर्मपाल सिंह, चौ. विरेन्द्र सिंह, पूनम चौधरी, दीपक डबास, परितोष चंदेल, ब्रजवीर सिंह आर्य, पीतम सिंह, शुऐब चौधरी, नितिन चौधरी, सुरेन्द्र सिंह चेयरमैन, मयंक चौधरी, गौरव दहिया, बॉबी चौधरी, महाशय पूरन सिंह, सुभाष काकरान, ओमवीर सिंह मलिक, जबरपाल सिंह, दरोगा सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया।



# 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों में तैयार हुआ था भारतीय संविधान

**नितिन दिनेश कौशिक**


भारत का गणतंत्र दिवस केवल एक तिथि नहीं बल्कि इसके पीछे एक लंबा ऐतिहासिक घटनाक्रम जुड़ा हुआ है। जिसकी नींव दिसंबर 1929 में लाहौर (वर्तमान पाकिस्तान) में आयोजित भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अधिवेशन में रखी गई थी। इस अधिवेशन में पंडित जवाहरलाल नेहरू ने घोषणा की थी कि जनवरी 1930 का अंतिम रविवार जिस तिथि को होगा उस दिन देशभर में तिरंगा फहराया जाएगा और भारत स्वयं को पूर्ण स्वाधीन राष्ट्र घोषित करेगा। चाहे अंग्रेजी शासन हमें औपचारिक रूप से स्वतंत्रता प्रदान करे या नहीं। जनवरी 1930 का अंतिम रविवार 26 जनवरी था। इसके बाद से ही 26 जनवरी को देश में स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। जिसे 'मिनी आज़ादी' भी कहा गया। संविधान निर्माण की प्रक्रिया वर्ष 1946 में प्रारंभ हुई और 26 नवंबर 1949 को भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ। उस समय यह प्रश्न सामने आया कि संविधान को किस तिथि से लागू किया जाए। यदि संविधान तत्काल लागू कर दिया जाता तो उन स्वतंत्रता सेनानियों और देशवासियों की भावनाएं आहत होतीं, जो पिछले 19 वर्षों से 26 जनवरी को स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाते आ रहे थे। इस स्थिति को ध्यान में रखते हुए संविधान सभा ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संविधान को 26 जनवरी 1950 से लागू किया जाएगा। इससे एक ओर देश संविधान के अधीन हो जाएगा और दूसरी ओर 26 जनवरी से जुड़ी उन लोगों की भावनाओं को भी सम्मान मिलेगा जो इसे पिछले 19 वर्षों से स्वाधीनता दिवस के रूप में मनाते चले आ रहे है। नई दिल्ली स्थित संसद भवन के केंद्रीय कक्ष (सेंट्रल हॉल)




में 2 वर्ष 11 माह 18 दिनों की अवधि में विश्व का सबसे बड़ा हस्तलिखित संविधान तैयार किया गया। इसकी मूल प्रति का वजन लगभग 13 किलोग्राम था। प्रारंभ में अखंड भारत के कारण संविधान सभा में 389 सदस्य शामिल थे। लेकिन 1947 के विभाजन के बाद 90 सदस्य पाकिस्तान चले गए और संविधान निर्माण की जिम्मेदारी 299 सदस्यों पर आ गई। इन सदस्यों को 13 विभिन्न समितियों में विभाजित किया गया था। जो अपने-अपने विषयों पर सहमति बनाकर निर्णय संविधान सभा के स्थायी अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद को अवगत कराती थीं। संविधान सभा के दो दिनों के लिए अस्थायी सदस्य सच्चिदानंद सिन्हा भी रहे। जबकि प्रारूप समिति (ड्राफ्टिंग कमेटी) के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर थे। जिन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसी कारण उन्हें भारतीय संविधान का शिल्पकार एवं संविधान निर्माता भी कहा जाता है। वहीं संविधान के प्रमुख सलाहकार बीएन. राव ने भारत के साथ-साथ म्यांमार के संविधान निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। भारतीय संविधान को प्रेम बिहारी नारायण रायज़ादा द्वारा हस्तलिखित किया गया था। जिसमें 22 भाग, 395 अनुच्छेद और 8 अनुसूचियां शामिल थीं। यह संविधान आज भी विश्व का सबसे विस्तृत और सशक्त लोकतांत्रिक संविधान माना जाता है। परंतु जब 24 जनवरी 1950 को संविधान की मूल प्रति पर सभी सदस्यों की हस्ताक्षर किए जाने थे। तब केवल 284 सदस्यों के ही हस्ताक्षर मूल प्रति पर हो पाए। क्योंकि संविधान निर्माण के दौरान 299 में से 15 सदस्य की मृत्यु हो गई थी। संविधान निर्माण कमेटी के जिन 284 सदस्यों के मूल प्रति पर हस्ताक्षर हुए हैं उसमें से 15 महिलाएं भी थी।

## बुढ़ापे में अल्जाइमर्स, डिमेंशिया से बचना चाहते हैं तो पहेलियां हल करें, किताबें पढ़ें

***जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, मस्तिष्क का स्वस्थ रहना और महत्वपूर्ण हो जाता है ताकि सोच-विचार की क्षमता में आने वाली गिरावट, डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारियों से बचा जा सके। मस्तिष्क को सेहतमंद रखने के लिए डाइट में विभिन्न रंगों के मौसमी फल और सब्जियों को शामिल करना एवं नियमित एक्सरसाइज जरूरी है। इसके अलावा विज्ञान आधारित ये तीन उपाय दिमाग को तेज और युवा रखने में बेहद उपयोगी हैं।***



### दिमाग को चैलेंज दें सोचने की क्षमता बेहतर होती है

मस्तिष्क को सक्रिय रखना उसके स्वास्थ्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। मस्तिष्क को चुनौती देने वाली गतिविधियां जैसेकि पहेलियां हल करने, म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट बजाने, किताबें पढ़ने और नई स्किल सीखने से मस्तिष्क की सोचने-विचारने की क्षमता बेहतर होती है। डिमेंशिया और अल्जाइमर जैसी बीमारयों का खतरा कम होता है।




हमारा मस्तिष्क करीब 60% फैट से बना होता है। इसलिए हेल्दी फैट दिमाग की सेहत के लिए बेहद जरूरी है। इसमें भी ओमेगा-3 फैटी एसिड विशेष रूप से फायदेमंद है।

### अखरोट, अलसी का सेवन दिमाग को बेहतर काम करने में मदद करते हैं

हमारा मस्तिष्क करीब 60त्न फैट से बना होता है। इसलिए हेल्दी फैट दिमाग की सेहत के लिए बेहद जरूरी है। इसमें भी ओमेगा-3 फैटी एसिड विशेष रूप से फायदेमंद है। यह अखरोट, अलसी और चिया के बीज, एवाकाडो और जैतून के तेल में काफी होता है। यह फैट दिमाग के सेल मेंब्रेन का निर्माण करने में मदद करता है। इनमें सूजन-रोधी और एंटीऑक्सिडेंट गुण होते हैं, जो मस्तिष्क को बेहतर तरीके से काम करने में मदद करते हैं। सोचने विचारने की क्षमता में आने वाली गिरावट के खतरे को कम करते हैं।

### दही, मसूर, पनीर खाएं मस्तिष्क की सेल्स के बीच संचार सुधरता है

प्रोटीन पूरे शरीर के बिल्डिंग ब्लॉक्स हैं। इसमें मस्तिष्क भी शामिल है। प्रोटीन की पर्याप्त मात्रा मस्तिष्क में न्यूरोट्रांसमीटर बनाने के लिए जरूरी अमीनो एसिड प्रदान करती है, जो मस्तिष्क की कोशिकाओं के बीच संचार के लिए बहुत आवश्यक हैं। प्रोटीन मस्तिष्क के टिशू की मरम्मत और रखरखाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में मसूर की दाल, चना, टोफू, पनीर, दही और नट्स जैसेकि बादाम, पिस्ता आदि को भोजन मुख्य रूप से शामिल करें।

## मौत के बाद क्या होता है? तीन बार मरकर वापस लौटी महिला ने बताया आंखों देखा हाल

मौत एक ऐसा रहस्य है जिसे सुलझाने की कोशिश सदियों से इंसान कर रहा है। क्या मौत के बाद भी कोई दुनिया है? क्या हमारी आत्मा कभी नहीं मरती? इन सवालों के जवाब अक्सर उन लोगों के पास मिलते हैं, जिन्होंने 'नियर डेथ एक्सपीरियंस' (ह्रष्ठश्व) यानी मौत को बहुत करीब से महसूस किया है। अमेरिका के मैरीलैंड की रहने वाली 80 वर्षीय पादरी नॉर्मा एडवर्ड्स (ह्रश्वह्म्द्वड्ड श्वस्त्र2ड्डह्मस्त्रह्य) की कहानी भी कुछ ऐसी ही है। नॉर्मा एक या दो बार नहीं, बल्कि तीन बार क्लीनिकली डेड (मृत घोषित) होने के बाद वापस जिंदा हुईं। इस दौरान उन्होंने जो कुछ देखा, उसका आंखों देखा हाल बताया, जिसके बारे में जानकर आपके होश उड़ जाएंगे। पहली बार में सुनकर यह किसी हॉलीवुड फिल्म की स्क्रिप्ट जैसा लग सकता है। लेकिन नॉर्मा का दावा है कि उन्होंने मौत के बाद अपनी




उस जिंदगी का 'रिव्यू' देखा जो उनके लिए पहले से ही प्लान की गई थी। नॉर्मा के साथ मौत का पहला एनकाउंटर तब हुआ, जब वह महज 20 साल की थीं। काम पर जाते समय वह अचानक गिर गईं और उनके दिल की धड़कनें बंद हो गईं। डॉक्टरों ने बताया कि उनके शरीर के अंदर एक मृत भ्रूण था, जो उनके खून में जहर फैला रहा था। नॉर्मा बताती हैं, 'जैसे ही मैं बेहोश हुई, मुझे ऐसा लगा जैसे मैं अपनी देह से निकलकर ऑपरेशन टेबल के ऊपर छत से खुद को देख रही हूं। सारा दर्द गायब हो चुका था।' इसके बाद नॉर्मा एक अंधेरी सुरंग में प्रकाश की गति से सफर करने लगीं और अंत में एक ऐसी सफेद रोशनी में समा गईं, जिसकी चमक शब्दों में बयान करना मुश्किल है। वहां नॉर्मा ने एक विशाल टेलीविजन स्क्रीन देखी, जिस पर उनकी जिंदगी का लेखा-जोखा चल रहा था। इस स्क्रीन पर तीन कॉलम थे।

## *12,000 साल पहले भी सुपर फिट था इंसान*

# मजबूत दांत-टूटी पसली जुड़ने का मिला सबूत!

इतिहास के पन्नों में कई ऐसे रहस्य दबे हुए हैं, जिन्हें आज की आधुनिक तकनीक धीरे-धीरे उजागर कर रही है। हम अक्सर सोचते हैं कि हजारों साल पहले का इंसान कमजोर या बीमार रहा होगा, लेकिन हाल ही में हुई एक खोज ने इस धारणा को पूरी तरह बदल दिया है। वैज्ञानिकों को एक ऐसे शख्स का कंकाल मिला है, जो करीब 12,000 साल पहले धरती पर रहता था। ताज्जुब की बात यह है कि उस शख्स का न केवल स्वास्थ्य बेहतर था, बल्कि उसके दांत आज के इंसानों से भी कहीं ज्यादा मजबूत थे। दक्षिण अमेरिका में पाया गया यह अब तक का सबसे पुराना मानव कंकाल है, जिसे 'मैन ऑफ लॉस विलोस' नाम दिया गया है। पुरातत्वविद सीजर मेंडेज (ष्टद्गह्यड्डह्म् रूद्गठ्ठस्त्रद्ग5) के अनुसार, इस कंकाल की खोज चिली के कोकिम्बो क्षेत्र में 'लॉस रिएलेस' नामक पुरातात्विक स्थल पर हुई थी। दिलचस्प बात यह है कि यह खोज किसी सोची-समझी खुदाई का हिस्सा नहीं थी, बल्कि सीवेज पाइपलाइनों को बिछाने के काम के दौरान अचानक सामने आई। खुदाई में मिला यह कंकाल एक 'शेल मिडन' (पुराने




समय के शिकारियों द्वारा फेंके गए सीपों का ढेर) के नीचे दबा हुआ था। मेंडेज ने बताया कि यह शख्स सीपों की परत के नीचे करवट होकर लेटा था। वैज्ञानिक विश्लेषण से पता चला है कि मौत के समय इस व्यक्ति की उम्र 40 से 45 वर्ष के बीच रही होगी। उस दौर के हिसाब से यह एक लंबी और स्वस्थ उम्र मानी जा सकती है। वह पूरी तरह फिट था और उसके दांतों की मजबूती एक्सपर्ट्स को हैरान कर रही है। जांच में यह भी पाया गया कि वह एक टूटी हुई पसली के दर्द से भी उबर चुका था, यानी उसके शरीर में घावों को भरने की अद्भुत क्षमता थी। उसकी डाइट का विश्लेषण करने पर पता चला कि वह मुख्य रूप से मछली और सीफूड पर निर्भर था।

# मोटा महादेव मंदिर पर घंटों लाइन में लगकर जलाभिषेक कर रहे कांवरती

**मोहित कर्णवाल**

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। महाशिवरात्रि के मौके पर शिवभक्त कांवरती हर-हर महादेव का गुणगान करते हुए लंबी दूरी तय कर मोटा महादेव मंदिर पर घंटों लाइन में लगकर बम-बम भोले की जय जयकार करते हुए जलाभिषेक कर रहे हैं। मंडावली क्षेत्र के स्वयंभू मोटा महादेव सिद्ध पीठ मंदिर पर कांवड़ियों की बड़ी संख्या में भीड़ है। कांवड़ मार्ग व मंदिर परिसर में जहां भी देखों वहां पर शिव भक्त कांवड़ियों के जत्थे नजर आ रहे हैं। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल कांवड़ लेकर पहुंच रहे शिव भक्त हरिद्वार से चलने के बाद अपने पहले पड़ाव मोटा महादेव मंदिर के बाहर घंटो लाइन में लगकर भगवान शिव आशुतोष का जलाभिषेक कर रहे हैं। शिवभक्त बाबा भैरो के दर्शन कर सोंटा लगवाकर अपनी थकान दूर कर रहे हैं। शिव के गण नंदी की भी पूजा अर्चना कर रहे हैं। लाइन में लगकर शिव भक्त भजन कीर्तन व जय जयकार कर रहे हैं। भजनों की मधुर आवाज बड़ी ही मधुर लग रही है। पुरुषों के साथ महिलाएं व बच्चे भी कांवड़ लेकर चल रहे हैं। मंदिर के पुजारी शशिनाथ, भूपेंद्रनाथ मंदिर में व्यवस्था बनाकर सभी भक्तों को जलाभिषेक करा पूजा अर्चना करा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय यादव, मोटा महादेव पुलिस चौकी इंचार्ज सोनू सिंह, कांस्टेबल इमरान आदि पुलिसकर्मी कांवड़ मेले को सकुशल संपन्न कराने में लगे हुए हैं।



**मोटा महादेव मंदिर पर जलाभिषेक को लाइन में लगे शिवभक्त।**

## कांवड़ को अलग-अलग नामों से पुकारते हैं

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। शिवभक्त कांवड़ को अलग-अलग रूप में अलग-अलग बैंठी कांवड़, खड़ी कांवड़, झूलती कांवड़ के नामों से पुकारते है। बैठी कांवड़ को कही रुकने पर नीचे रखा जाता है, खड़ी कांवड़ को कहीं पर नीचे नहीं रखा जाता है, अगर कांवड़िए को कही आराम करना होता है तो दूसरा शिवभक्त सहयोग के रूप में कांवड़ लेता है, झूलती कांवड़ को शिविर या अन्य स्थान पर जहां पर कांवड़ बांधने की व्यवस्था होती है वहां पर बांध कर आराम करते हैं, इसलिए इसे झूलती कांवड़ का नाम से जाना जाता है। आराम करने के बाद कांवड़ उठाने से पहले कांवड़ को भगवान शिव का रूप मानकर माफी मांग अपनी मंजिल की ओर बढ़ते है।**

## शिव भक्तों की सेवा हेतु 42वां विशाल भंडारा आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। शिव भक्तों की सेवा के लिए निशुल्क भोजन, जलपान, फल एवं दवाइयां वितरित की गई। नजीबाबाद-हरिद्वार मार्ग पर उत्तर प्रदेश उत्तराखंड राज्य की सीमा पर स्थित भागूवाला में बाजपुर निवासी प्रतिष्ठित व्यापारी गौ भक्त, शिवभक्त सिंगला परिवार के द्वारा अपने परिवार के साथ बहुत ही आदर सेवा सत्कार की भावना से पिछले 42 वर्षों से निरंतर शिविर लगाकर शिव भक्तों की सेवा करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी उन्होंने विशाल भंडारे का आयोजन किया है। जिसमें काफी संख्या में शिवभक्त निशुल्क भोजन, प्रसाद, फल, दवाईयां ग्रहण करते हुए विश्राम कर रहे हैं। इस भंडारे में बड़ी संख्या में शिव भक्तों ने सुबह से ही सेवा, प्रसाद, भोजन, दवाइयां निशुल्क प्राप्त की। भाजपा नेता चौधरी ईशम सिंह, डॉ. रितेश सेन, राजेंद्र सिंह, दीपक कुमार पत्रकार पीएस राठी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने इस भंडारे में उपस्थित रहकर शिव भक्तों की सेवा की।

## मोटा महादेव मंदिर पर शिवभक्तों के लिए सेवा शिविर जारी

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली क्षेत्र के मोटा महादेव मंदिर पर कांवड़ियों के लिए सेवा शिविर लगाए गए है, जिसमे सभी शिव भक्त प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। शिव कांवड़ सेवा समिति जहांगीराबाद जिला बुलंदशहर की ओर से आयोजित 9 वां विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। आयोजक अरुण कुमार गुप्ता ने बताया कि भोले बाबा की कृपा से सभी कार्य सम्पन्न होते हैं। उनके साथ सतपाल मलिक, दयानंद, कलवा सिंह, रूपचंद, अजय कुमार, डॉक्टर सतीश, पूरन सिंह आदि कांवड़ियों की सेवा में लगे हैं। वही दूसरी ओर मंदिर परिसर में ही चल रहे भंडारे में अमरीश जिंदल मुजफ्फरनगर, मोहित गुप्ता नजीबाबाद, दीपक मोहन फरीदाबाद, भूपेश मित्तल बॉम्बे, तपन सिंह आदि कांवड़ियों की सेवा में लगे है। उन्होंने बताया की कांवड़ सेवा शिविर कांवड़ियों के लिए हर साल लगाया जाता है, जिसमें इनके खाने-पीने व दवाई की सभी सेवाएं निशुल्क होती है। भगवान शिव की हमेशा कृपा उनके ऊपर बनी रहती है, उन्ही के आशीर्वाद से ये सभी कार्य सकुशल संपन्न होते है। शिविर में सभी शिव भक्त बड़े ही प्रेम भाव के साथ प्रसाद ग्रहण कर रहे है।**

# मुस्लिम फंड के कांवड़ती सेवा शिविर को इस बार भी नहीं मिली परमिशन

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। नजीबाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब के तहत पिछले महाशिवरात्रि पर्व पर मुस्लिम फंड नजीबाबाद के सौजन्य से लगते आ रहे सेवा शिविर को इस बार भी परमिशन न मिलने के कारण एक बार फिर नजीबाबाद की हिंदू मुस्लिम एकता को झटका लगा है।**

उल्लेखनीय है कि नजीबाबाद के हरिद्वार मार्ग पर प्रत्येक वर्ष महाशिवरात्रि के मौके पर मुस्लिम फंड नजीबाबाद होटल इंद्रलोक, व्यापार मण्डल एवं नागरिक एकता मंच के सौजन्य से कांवड़ती सेवा शिविर लगाता आया है। इस शिविर में कावंड़तियों के लिए चिकित्सा व्यवस्था, जलपान, टेलीफोन एवं ठहरने की निशुल्क व्यवस्था रहती थी। पिछले साल भी पुलिस-प्रशासन से परमिशन न मिलने के कारण नगर की गंगा-जमुनी तहजीब का मुस्लिम फंड का यह सेवा शिविर ऐन वक्त पर उद्घाटन के दिन सुबह को ही निरस्त कर दिया गया था, जिससे मुस्लिम फंड की इस सभी तैयारियां धरी रह गई थी, जिससे मुस्लिम फंड का काफी नुकसान भी हुआ था तथा हिंदू-मुस्लिमों ने इस कार्यक्रम का आयोजन न होने पर अफसोस जताया था। इस साल भी ऐसा ही कुछ सामने आया। मुस्लिम फंड ने महाशिवरात्रि के मौके पर हर बार की तरह इस साल भी हरिद्वार रोड पर 12 फरवरी से होटल इंद्रलोक के निकट तीन दिवसीसय सेवा शिविर लगाने की पूरी तैयारियां की, इसके बाकायदा कार्ड बंटवाएं, मगर इस बार भी परमीशन न मिलने के कारण यह सेवा शिविर ऐन वक्त यानि उद्घाटन के दिन ही निरस्त कर दिया गया।



मान्यवर,

मुस्लिम फण्ड, नजीबाबाद

होटल इन्द्रलोक नजीबाबाद

व्यापार मण्डल एवं नागरिक एकता मंच

के सौजन्य से

20वाँ

कांवड़ती सेवा शिविर

(तीन दिवसीय सेवा शिविर)

का शुभारम्भ किया जा रहा है

आप इस शुभ अवसर पर सादर आमन्त्रित हैं।

उद्घाटन समारोह

दिनांक :- 12 फरवरी 2026, बृहस्पतिवार

समय :- सुबहः 11:00 बजे

स्थान :- निकट होटल इन्द्रलोक

हरिद्वार रोड, नजीबाबाद

-: निःशुल्क सेवायें :-

चिकित्सा व्यवस्था, जलपान

टेलीफोन एवं ठहरने की व्यवस्था

निवेदक मुस्लिम फण्ड, नजीबाबाद

### पहले बिना परमीशन के होता था प्रोग्राम, अब परमीशन नहीं मिल रही: काजी बिलाल

नजीबाबाद। मुस्लिम फंड के एमडी काजी गयूलहक बिलाल ने बताया कि 18 साल तक से मुस्लिम फंड का यह कांवड़ती सेवा शिविर बिना परमीशन के होता आया, वह हर बार एसडीएम व सीओ को इस प्रोग्राम की सूचना देने के साथ कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में बुलाते आये है। पिछले साल भी उन्होंने इसी तरह से सेवा शिविर लगाने की पूरी तैयारी की थी, मगर उनका यह शिविर पुलिस ने ऐन वक्त पर परमीशन न होने की बात कहते हुए लगाने को मना किया था, जिससे उन्होंने यह शिविर निरस्त कर दिया था, इस साल उन्होंने बाकायदा शिविर की परमिशन के लिए काफी दिन पूर्व एसडीएम व सीओ को प्रार्थना पत्र दिया, एसडीएम ने इसकी परमीशन दे दी थी, इसके बाद उन्होंने इस सेवा शिविर की तैयारी कर कार्ड बंटवाएं थे, मगर ऐन वक्त पर उद्घाटन के दिन पुलिस ने इसकी परमिशन न होने की बात कहते हुए शिविर को लगाने को कहा, जिससे उन्हें इस बार भी नजीबाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब का यह शिविर ऐन वक्त पर निरस्त करना पड़ा। अब वो अगले साल पुलिस से परमिशन मिलती है तो इस कार्यक्रम को कराने का प्रयास करेंगे वरना नहीं।

### पहले की कोई परमिशन न होने के कारण नहीं दी गई परमिशनः पुलिस

नजीबाबाद। नजीबाबाद की गंगा-जमुनी तहजीब के इस कार्यक्रम की परमिशन न मिलने के बारे में जब चिंगारी ने थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि कार्यक्रम आयोजकों ने पहले कभी भी इस तरह का कोई सेवा शिविर आयोजन करने की पुलिस से परमीशन नहीं ली है। उन्होंने कार्यक्रम आयोजकों से पिछले साल की नहीं बल्कि पांच दस साल पहले की शिविर की कोई परमीशन हो तो दिखाने को कहा, मगर ऐसी कोई परमीशन न होने की वजह से पुलिस आखिर इस कार्यक्रम की किस आधार पर इसकी परमीशन दे सकती है? नियमानुसार परमीशन देने के लिए पुरानी कोई परमीशन या साक्ष्य न होने की वजह से परमीशन देने में पुलिस असमर्थ है।

# डीएम एवं एसएसपी ने किया कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण

## अधिकारियों को दिये आवश्यक निर्देश  फूलमाला पहनाकर शिवभक्तों का स्वागत किया

**हरिद्वार ( चिंगारी )।** शारदीय कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संचालित करने एवं आ रहे कांवड़ यात्रियों एवं शिव भक्तों को कोई परेशानी एवं असुविधा न हो,इसके दृष्टिगत जिलाधिकारी मयूर दीक्षित एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने (नजीबाबाद मार्ग पर) चंडी चौक से थाना श्यामपुर तक संबंधित अधिकारियों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ पटरी मार्ग एवं राष्ट्रीय राजमार्ग नजीबाबाद मार्ग पर यातायात व्यवस्था, साफ सफाई व्यवस्था तथा विद्युत व्यवस्था, समुचित पेयजल व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सुविधाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिये।



उधर आगामी 2027 में आयोजित होने वाले कुंभ मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा अनुबंधित कंपनी मैसर्स पवन कुमार कंपनी के प्रोजेक्ट डायरेक्टर को निर्देश दिये कि जो भी फ्लाई ओवर एवं सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है उस कार्य को श्यामपुर से बहादराबाद बाईपास तिराहे पर नीलधारा पार्किंग स्थल के लिए सर्विस लाइन मार्ग तैयार करें, जिसके लिए उन्होंने वन विभाग ,सिंचाई विभाग उत्तर प्रदेश एवं उपजिलाधिकारी से सयुक्त निरीक्षण कर आख्या उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जिसका प्रस्ताव मेलाधिकारी को प्रेषित किया जायेगा।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल ने कहा कि शारदीय कांवड़ यात्रा को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए एवं आगामी कुंभ मेले को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न करने के लिए यातायात व्यवस्था को ओर बेहतर करने के लिए स्थलीय निरीक्षण किया गया है,जिसके लिए नीलधारा पार्किंग स्थल के लिए सर्विस लेन तैयार करने के लिए कार्यदाई संस्था को निर्देश दिए गए हैं।

इस दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने शारदीय कांवड़ यात्रा पर आए शिव भक्तों का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा अतिथि देवो भव की परंपरा से फल एवं जल पान वितरित किया गया। इस दौरान एसपी सिटी अभय प्रताप सिंह,उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार, विशेष भूमि अध्यासि अधिकारी आकाश जोशी, सीओ सिटी शिशुपाल सिंह नेगी, थाना श्यामपुर प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी ट्रैफिक इंस्पेक्टर हितेश कुमार, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एन के शर्मा चांदी चौकी इंचार्ज नवीन चौहान सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

# जंगली हाथी फसलों को पहुंचा रहे नुकसान दुखी हैं किसान, अधिकारी नहीं दे रहे ध्यान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत वार्ड नंबर 37 पश्चिमी झंडीचौड़ में जंगली हाथी काश्तकारों की गेहूं व अन्य फसलों को रौंद रहे हैं, इस कारण काश्तकारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बुधवार को स्थानीय पार्षद सुखपाल शाह ने बताया कि मंगलवार रात को हाथियों के झुंड ने पुष्पा देवी, रघुवीर सिंह, विजय सिंह व रामकिशन की गेहूं की फसल को रौंद डाला। कहा कि शाम ढलते ही हाथी, सूअर व नीलगाय जंगल से सटे हुए किसानों की खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचा रहे हैं। वहीं सूचना देने के बाद भी न तो वन विभाग के कर्मचारी गश्त पर आते हैं न ही वन विभाग द्वारा किसानों को पटाखे, गांधी बंदूक, गंधक पोटाश आदि दिया जा रहा है। स्थानीय किसान लंबे समय से हाथी सुरक्षा दीवार निर्माण की मांग करते आ रहे हैं मगर शासन-प्रशासन इस ओर ध्यान ही नहीं दे रहा है। इस संबंध में पूर्व में विधानसभा अध्यक्ष व स्थानीय विधायक ऋतु खंडूड़ी भूषण को प्रस्ताव देने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। वर्ष 2003 में पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी के प्रयासों से पावर फेंसिंग बाड़ लगवाई गई थी लेकिन रखरखाव की अभाव में बाड़ टूट गई। रोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि एक ओर जहां प्रधानमंत्री किसानों के लिए आय बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाएं चला रहे हैं वहीं दूसरी ओर उत्तराखंड सरकार किसानों के हित में ठोस कार्रवाई नहीं कर रही है। कहा कि जंगली जानवरों के आतंक के कारण काश्तकारों का खेती से मोह भंग हो रहा है।

# अतिक्रमण से परेशान हैं आम जन लापरवाह बना हुआ है प्रशासन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड विकास समिति ने शहर में व्याप्त समस्याओं के निराकरण की मांग की है। कहा कि शहर में अतिक्रमण, अपराध सहित अन्य समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। शिकायत के बाद भी स्थानीय प्रशासन लापरवाह बना हुआ है। इस संबंध में समिति के अध्यक्ष जानकी बल्लभ मैंदोला के नेतृत्व में सदस्यों ने बुधवार को उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वर्तमान में शहर में अतिक्रमण सबसे अधिक चुनौती बनता जा रहा है। सड़क पर सजी दुकान व स्थाई अतिक्रमण के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। राह चलते लोगों को हर समय दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। प्रशासन को अतिक्रमण के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही शहर में पैदल चलने के लिए फुटपाथ का निर्माण करवाया जाना चाहिए। कुत्तों व बंदरों के आतंक पर भी रोष व्यक्त करते हुए कहा गया कि आए दिन कुत्ते व बंदर लोगों को जख्मी कर रहे हैं। इससे सबसे अधिक खतरा बच्चों व बुजुर्गों को बना हुआ है। शहर में मेडिकल कालेज के लिए चिह्नित भूमि को खननकारियों ने बर्बाद कर दिया है। ऐसे में प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में जी के बड़थ्वाल, विजय महेश्वरी, शशिमोहन उनियाल, कलावती बिष्ट और विपुल उनियाल आदि शामिल रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# दादा को बहंगी में बैठाकर गंगा जल ला रहे तीन पौत्र

**लालढांग ( चिंगारी )।** आज के समय में जहां पुत्रों द्वारा अपने वृद्ध माता-पिता को वृद्धाश्रम में भर्ती कराने के मामले बढ़ते जा रहे हैं, वहीं अभी ऐसे भी युवक हैं जो अपने बुजुर्गों की इच्छा पूरी करने के लिए स्वयं कष्ट सहने को तैयार हैं। इसका उदाहरण हैं वे तीन भाई जो अपने 102 वर्षीय दादा को श्रवण कुमार की भांति बहंगी में बैठाकर उन्हें हरिद्वार ले गये तथा वहां दादा को गंगा स्नान कराकर तथा गंगा जल लेकर दादा को बहंगी में ही बैठाकर घर लौट रहे है।



जनपद बिजनौर के स्योहारा क्षेत्र निवासी 102 वर्षीय मान सिंह ने अपने पौत्रों से गंगा स्नान करने तथा वहां से गंगा जल लाने की इच्छा व्यक्त की थी। जिस पर उनके तीन पौत्र ने उन्हें एक बहंगी में बैठाकर हरिद्वार ले गये तथा वहां उन्हें गंगा स्नान कराने के बाद, गंगा जल लेकर बहंगी में बैठा कर अपने गन्तव्य की ओर चल दिये। अपने दादा की इच्छा पूरी करने के लिए उन्होंने 150 किलो मीटर की पैदल यात्रा करने का बीड़ा उठाया है।

# परमार्थ निकेतन में मनाया गया मां जानकी का प्राकट्य दिवस



## भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं मां जानकी : स्वामी चिदानंद

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** मां जानकी के दिव्य प्राकट्य दिवस के अवसर पर परमार्थ निकेतन में गुरुकुल के ऋषिकुमारों ने विश्व शान्ति व समृद्धि हेतु विशेष यज्ञ किया। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने इस अवसर पर संदेश दिया कि माँ जानकी, धैर्य की वह नि:शब्द शक्ति हैं जो हर पीड़ा को तप बनाकर प्रकाश में बदल देती है। परमार्थ निकेतन में गंगा तट पर दिव्य गंगा आरती के दौरान भक्ति, वैदिक मंत्रोच्चार, रामनाम संकीर्तन के साथ प्राकट्य उत्सव मनाया। देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं, संतों, ऋषिकुमारों ने माँ सीता के आदर्शों को अपने जीवन में धारण करने का संकल्प लिया।

स्वामी जी ने कहा कि मां जानकी भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। वे नारी गरिमा, संयम, करुणा और आंतरिक शक्ति की जीवंत अभिव्यक्ति हैं। उनका जीवन संघर्षों से भरा था, किंतु उन्होंने कभी अपनी मर्यादा, करुणा और धैर्य का त्याग नहीं किया। यही कारण है कि वे सनातन संस्कृति में आदर्श नारीत्व की सर्वोच्च प्रतीक हैं। मां जानकी आज की नारी के लिए चेतना की पुकार हैं। वनवास हो, विपत्ति हो या अन्याय, उन्होंने कभी सत्य और स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। उन्होंने परिस्थितियों के आगे सिर नहीं झुकाया, बल्कि अपने चरित्र की ऊंचाई से इतिहास को झुका दिया। यही संदेश आज की हर बेटी के लिए है, अपनी संस्कृति से जुड़ी रहो।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

लालकिले के पास धमाका : यूएन की रिपोर्ट में दावा-

# आतंकी संगठन जैश से जुड़े हैं तार, महिला दहशतगर्दों पर भी चिंता

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। पुरानी दिल्ली के ऐतिहासिक लालकिले के पास 9 नवंबर को हुआ जोरदार धमाका पूरे देश के लिए गहरे सदमे की तरह था। इस हमले में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए। ऐसे में अब संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की आतंकवाद निगरानी टीम की ताजा रिपोर्ट ने इस हमले से पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के जुड़े होने का दावा किया है। रिपोर्ट में संगठन की नई साजिशों पर भी चिंता जताई गई है, जिसमें महिलाओं के लिए अलग विंग बनाना और आतंकी गतिविधियों में उनकी भागीदारी शामिल है। विशेषज्ञों का कहना है कि इससे संगठन का नेटवर्क बढ़ सकता है और सुरक्षा एजेंसियों की नजर से बचने में मदद मिल सकती है। दूसरी ओर यूएन सुरक्षा परिषद को सौंपी गई रिपोर्ट में एनालिटिकल सपोर्ट एंड सैंक्शंस मॉनिटरिंग टीम ने बताया कि एक सदस्य देश ने जानकारी दी है कि जैश-ए-मोहम्मद ने 9 नवंबर को नई दिल्ली के लालकिले पर हुए हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस हमले में 15 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि 8 अक्तूबर को जैश प्रमुख मसूद अजहर ने 'जमात उल-मुमिनात' नाम से महिलाओं के लिए एक अलग विंग बनाने की घोषणा की। यूएन टीम के अनुसार, इस विंग का मकसद आतंकी गतिविधियों में सहयोग करना है।

# मुजफ्फरनगर में एनकाउंटर, 50 हजार का इनामी ढेर, दो पुलिसकर्मी घायल

## एसपी की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी गोली

मुजफ्फरनगर (चिंगारी)। मुजफ्फरनगर स्थित बुढ़ाना में पुलिस और दो बदमाशों के बीच मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी अमजद मारा गया। दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हुए हैं। एसपी देहात आदित्य बंसल की बुलेटप्रूफ जैकेट में भी गोली लगी है। वहीं बदमाश का साथी फरार हो गया। एसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि आज तड़के करीब तीन बजे बुढ़ाना में थाना बुढ़ाना, थाना तितावी और थाना शाहपुर पुलिस की संयुक्त टीम की बाइक सवार दो बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। पुलिस ने बदमाशों को रोकने का इशारा किया तो उन्होंने अचानक फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में 50 हजार रुपये का इनामी शाहपुर थाना क्षेत्र के गांव हरसोली का रहने वाला अमजद घायल हो गया, जबकि उसका साथी भाग गया। बदमाश से एक पिस्टल और कार्बाइन बरामद हुई है। घायल अमजद को बुढ़ाना सीएचसी ले जाया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया, वह अन्तर्राज्यीय स्तर का अपराधी था। उसके विरुद्ध मेरठ, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, सहारनपुर, शामली, बागपत, गाजियाबाद समेत कई जिलों में हत्या, लूट, चोरी, गैंगस्टर जैसी संगीन धाराओं में लगभग 40 मुकदमे दर्ज हैं। वह बुढ़ाना कोतवाली में दर्ज लूट के दो मामलों में वांछित चल रहा था। मुठभेड़ में बुढ़ाना कोतवाली के दरोगा संदीप और सिपाही अशफाक घायल हुए हैं, जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



## लैम्बोर्गिनी कार से लोगों को रौंदने वाला आरोपी गिरफ्तार

कानपुर (एजेंसी/चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में कानपुर नगर के ग्वालटोली क्षेत्र में लैम्बोर्गिनी कार से तीन लोगों को रौंदने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने पत्रकारों को बताया कि आरोपी शिवम मिश्रा की गिरफ्तारी के लिये पुलिस की पांच टीमें लगी हुयी थीं। आज सुबह सूचना प्राप्त हुई कि शिवम मिश्रा कानपुर आया हुआ है। इस सूचना पर टीमें सक्रिय हुईं और आरोपी शिवम मिश्रा को उसके घर से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
Hero
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria Exculsive Showroom
Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी" के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना
"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

## Information

In School record my daughter Ayesha Dilshad Mother's name is Sana Parveen. Her mother's correct name is Sana Dilshad . R/O Mohalla Muglushah, Near small Post office Najibabad, Distt- Bijnor UP.

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना ना IRFAN ALI से बदलकर IRFAN AHMAD रख लिया है। भविष्य में मुझे इस नाम से जाना जाये।

-इरफान अहमद पुत्र मौ. अली, ग्राम मुबारकपुर राठे उर्फ लाठीपुरा, नजीबाबाद, जिला-बिजनौर

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476